दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | गुरुवार 14 नवंबर-2024 ● वर्षः 9 अंकः 321 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्यः ₹3




# दिल्ली में लगा सांसों पर पहरा, 'गंभीर' श्रेणी में पहुंचा एक्यूआई

**राजधानी में प्रदूषण के स्तर में पिछले 24 घंटों में भारी वृद्धि देखी गई। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 429 तक पहुंचा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले 24 घंटों में वायु प्रदूषण में तेजी से वृद्धि हुई है। अधिकारियों ने बताया कि नई दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता बुधवार को इस मौसम में पहली बार 'गंभीर' हो गई, तथा वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 429 तक पहुंच गया। राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के स्तर में पिछले 24 घंटों में भारी वृद्धि देखी गई और मंगलवार को एक्यूआई 334 रहा। दिल्ली में आज शाम 5 बजे अदक429 पर पहुंच गया था, जो वाकई चिंताजनक है। दिल्ली के 36 में से 32 स्टेशन गंभीर श्रेणी में हैं। अगर अदक450+ जाता है तो दिल्ली को ₹गंभीर₹ या ₹बहुत गंभीर₹ श्रेणी में ले जाएगा।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के 36 निगरानी स्टेशनों में से 30 ने वायु गुणवत्ता को 'गंभीर' श्रेणी में बताया। बीते मंगलवार शाम तक लगातार 14 दिनों तक शहर की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' रही, जिसमें वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण रहा, जो 15.4 प्रतिशत था। आस-पास के राज्यों में पराली जलाने से स्थिति और खराब हो गई, जिससे शहर में धुंध की मोटी परत छा गई।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत वायु गुणवत्ता चेतावनी प्रणाली के अनुसार, धीमी हवा की गति और तापमान में गिरावट के कारण, प्रदूषकों के प्रभावी फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां अत्यंत प्रतिकूल रहने की संभावना है।

## विधायक अजीतपाल त्यागी के भतीजे मोहित के विवाह समारोह में पहुंचे आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और सीएम आतिशी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के भतीजे मोहित त्यागी का शुभ विवाह दिल्ली में धूमधाम से संपन्न हुआ। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के पौत्र और गिरीश त्यागी के सुपुत्र मोहित त्यागी के विवाह समारोह में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लें भी शामिल हुए और उन्होंने मोहित त्यागी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दिल्ली की ये दोनों प्रमुख सियासी हस्तियां काफी देर तक मौजूद रहीं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो रहेगा बेहद भव्य

# ट्रिपल लेयर में रहेगी सीएम और रोड शो की सुरक्षा व्यवस्था

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 नवंबर शनिवार को विजयनगर थानाक्षेत्र में बड़ा और भव्य रोड शो आयोजित करने आ रहे हैं। उनके कार्यक्रम को फाइनल कर दिया गया है। कार्यक्रम फाइनल होने के साथ सुरक्षा एजेंसियों ने रोड शो के दौरान होने वाली व्यवस्थाओं पर काम करना शुरू कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शीर्ष अधिकारियों ने डीसीपी स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सुरक्षा प्लान बनाना शुरू कर दिया है। तो वहीं रोड-शो वाले लगभग तीन किलोमीटर से अधिक के इस मार्ग को सुरक्षा की ट्रिपल लेयर भी प्रदान की जाएगी। इसके लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल, पीएसी के जवानों और आईएसएफ और आरआररफ के जवानों की तैनाती देखने को मिलेगी। वहीं खुफिया विभाग के अधिकारी भी मुख्यमंत्री के रोड-शो को लेकर अलर्ट वाले मोड पर आ गए हैं।

### रोड-शो के रूट पर छतों पर तैनात किए जाएंगे पुलिसकर्मी



### 14 और 15 में सुरक्षा जांच करेंगी टीमें

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री का 16 नवंबर को रोड शो है और रोड शो से पहले यहां उत्तर प्रदेश एटीएस की टीम के साथ ही मुख्यमंत्री की सुरक्षा टीम कमान संभाल लेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 14 नवंबर की शाम से ही पूरे इलाके को यह टीम निरीक्षण करने का काम करेगी। इसके साथ ही संवेदनशील पॉइंट्स भी लोकल पुलिस से चिन्हित करवा दिए गए हैं। इसके साथ ही इस पूरे रूट पर बड़ी संख्या में रस्सी से लैस पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर लगाया जाएगा। तो वही सिटी जोन के साथ-साथ ट्रांस हिंडन और देहात जोन के निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों को भी सुरक्षा में तैनात किया जाएगा। वहीं रोड शो के मद्देनजर बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की भी तैनाती कर दी गई है।

### मोबाइल और पर्स चोरों पर करना होगा कंट्रोल

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री का रोड शो है और रोड शो में भीड़ बड़े स्तर पर रहती है। ऐसे में चोरी और जेब साफ करने वाले गिरोह एक्टिव हो जाते हैं। जो लोगों को निशाना बनाते हैं, उनके निशाने पर मोबाइल और पर्स रहते हैं। जिसके बाद पुलिस और व्यवस्था पर सवाल उठता है। ऐसे में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने क्राइम ब्रांच और एसओजी की टीमों को भी इस क्राइम को रोकने के लिए कमर कसने के निर्देश दिए हैं।

### ड्रोन के साथ कैमरों से होगी निगरानी



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री का रोड शो है और रोड शो का समय 4:00 बजे के बाद का रखा गया है। रोड शो खत्म होने पर अंधेरा हो जाएगा, इसीलिए रोड शो वाले इलाके में लाइटिंग की व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के निर्देश दे दिए गए हैं। पुलिस विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के रोड शो के दौरान निगरानी रखने के लिए ड्रोन के साथ ही मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की भी निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही 200 से अधिक पुलिस कर्मियों को सादे कपड़ों में तैनात किया जाएगा। जिसमें पुरुष और महिला पुलिस अधिकारी व स्टाफ शामिल रहेगा।

### पुलिस के शीर्ष अधिकारी रहेंगे ऑन फील्ड

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो है रोड शो लंबा रहेगा। इस दौरान पुलिस के शीर्ष अधिकारी भी ऑन रोड ड्यूटी देने का काम करेंगे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में आईपीएस और पीपीएस अधिकारियों की भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर ड्यूटी निर्धारित की जाएगी। संभावना है कि दो दिन के भीतर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में ड्यूटी वाले पुलिस कर्मियों का चार्ट भी जारी कर दिया जाएगा। वहीं डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार कहना है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के सभी प्रोटोकॉल फॉलो किए जाएंगे।



# 16 नवंबर को महापंचायत से तय होगी वकीलों की आंदोलन की रूपरेखा, आज भी अधिवक्ता करेंगे कार्य बहिष्कार

### - बुधवार को कचहरी परिसर में ही चला अधिवक्ताओं का आंदोलन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते लगभग 10 दिन से ज्यादा हो चुके हैं और गाजियाबाद में अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी है। यह हड़ताल केवल गाजियाबाद जिले तक ही नहीं बल्कि इसका असर प्रदेशभर में देखा जा रहा है। रोजाना हो रही हड़ताल की वजह से कचहरी का काम पूरी तरह ठप हो चुका है।

नई तारीख नहीं मिल रही हैं और पुराने मामलों में सुनवाई नहीं हो पा रही है। तो वहीं अब तक जिला जज और लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई न होने का विरोध अधिवक्ता लगातार कर रहे हैं।

बुधवार को भी अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार रखा। इस दौरान अधिवक्ता सड़क पर तो नहीं आए लेकिन बार एसोसिएशन गाजियाबाद के बैनर तले अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी रही। तो वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी दी है कि गुरुवार को भी अधिवक्ता कार्य बहिष्कार करेंगे। 16 तारीख को महापंचायत के बाद आगे की रूपरेखा तय की जाएगी।



### दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, वेस्टर्न यूपी और पूर्वांचल से मिला समर्थन

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं सचिव अमित नेहरा का कहना है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद को लगातार दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में पूर्वांचल के तमाम जिलों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों की बार एसोसिएशन का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने जानकारी दी है कि 16 नवंबर दिन शनिवार को सुबह 10:00 बजे से गाजियाबाद कचहरी में महापंचायत आयोजित की जाएगी। इस महापंचायत में सभी बार के अध्यक्ष सचिव और टैक्स के साथ ही तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अपना पक्ष रखेंगे। इस महापंचायत के बाद गाजियाबाद के बार एसोसिएशन आने वाले दिनों में आंदोलन की रूपरेखा को भी स्पष्ट करने का काम करेगी।

### बुधवार को सीआईएसएफ ने संभाली कमान, अधिकारी रहे अलर्ट



करंट क्राइम : सोशल मीडिया पर बार एसोसिएशन गाजियाबाद की हड़ताल के संबंध में एक मैसेज वायरल हो रहा था। जिसमें न्यायाधीशों के वाहन रोकने का संदेश था। इस संदेश के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारी अलर्ट मोड पर आ गए थे और बुधवार को सुबह 10:00 बजे से ही जिला मुख्यालय, पुलिस कमिश्न रेट कार्यालय और कचहरी के बाहर भारी संख्या में सीआईएसएफ के जवानों की तैनाती कर दी गई थी। सीआईएसएफ के यह जवान फुल प्रूफ इंतजाम जिसमें बॉडी प्रोटेक्टर, डंडे और हेलमेट के साथ लैस थे। इस दौरान बड़ी संख्या में आरआररफ और पुलिस की भी तैनाती कर दी गई थी ताकि किसी प्रकार की स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल वाली ना बने।

## पूर्व बार सचिव ने एडवोकेट शादाब की सदस्यता पर उठाए सवाल

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पूर्व सचिव स्नेह त्यागी ने अधिवक्ता कुलदीप सिंह द्वारा शादाब एडवोकेट के मामले को लेकर बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि शादाब के बार काउंसिल ने बयान दर्ज किए हैं जबकि वह अधिवक्ता ही नहीं है। वहीं उन्होंने स्पष्ट कहा है कि बीते 3 वर्षों में शादाब ने ना तो परीक्षा दी और ना सीओपी सर्टिफिकेट धारक हैं, तब तक वह एडवोकेट कैसे हो गए हैं। इस मामले में बार एसोसिएशन गाजियाबाद कार्यालय को भी शिकायत दी गई है। तो वहीं अधिवक्ता इस मामले में आने वाले दिनों में शादाब पर मुकदमा भी दर्ज कर सकते हैं। वहीं अधिवक्ताओं का यह भी कहना है कि इस तरीके के कई और नाम अभी सामने आ सकते हैं, उनकी जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री का रोड शो बनेगा संजीव के चुनाव में संजीवनी

## रोड शो को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश और जनता में है उत्साह

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा पहले दिन से ही गाजियाबाद शहर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपनी पूरी तैयारियों के साथ चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले दो बार आ चुके हैं, वो कार्यकताओं के साथ बूथ कमेटी पर चर्चा कर चुके हैं, वो पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक का चुके हैं और अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संजीव शर्मा के चुनाव में 16 नवंबर को आ रहे हैं। वो यहां लाइनपार क्षेत्र में रोड शो करेंगे।



माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ये रोड शो भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा के चुनाव में सियासी संजीवनी बनेगा। इस रोड शो को लेकर भाजपा कार्यकताओं में जोश है। मुख्यमंत्री को देखने के लिये उन्हें अपने बीच में देखने के लिये स्थानीय लोगों में उत्साह है। भाजपा संगठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो की तैयारियों में जुट गया है। बताया जाता है कि रोड शो में जहां फूलों की बरसात होगी तो वहीं रोड शो के प्रस्तावित रूट पर दोनों तरफ कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे, स्थानीय लोग मौजूद रहेंगे। इस रोड शो के बड़े सियासी मायने बताए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री के साथ रथ पर मौजूद रहेंगे संजीव शर्मा और जनप्रतिनिधि

**करंट क्राइम।** सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आरओबी से होते हुए उत्सव भवन पहुंचेंगे। यहां से वो रोड शो के लिए तैयार विशेष रथ पर सवार होंगे। बताया जाता है कि इस विशेष रथ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के साथ अन्य जनप्रतिनिधि भी सवार होंगे।

### लाइनपार क्षेत्र में होगा मुख्यमंत्री का पहला रोड शो

**करंट क्राइम।** अगर चुनाव और क्षेत्र की बात करें तो यह लाइनपार क्षेत्र में किसी चुनाव में पहला मौका जब मुख्यमंत्री यहां रोड शो करने आ रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री का रोड शो शहर विधानसभा क्षेत्र में हुआ लेकिन वो लाइन के उस पार हुआ है। प्रधानमंत्री का रोड शो भी मालीवाडा से लेकर चौधरी मोड तक हुआ था यह भी शहरी क्षेत्र में आता है, लेकिन ये पहला मौका है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो विजयनगर क्षेत्र में हो रहा है। ये रोड शो उत्सव भवन से शुरू होगा और संतोष अस्पताल के पास समाप्त होगा।

### महिलाएं चलेंगी ध्वज लेकर आगे और स्वागत होगा विद गाजे-बाजे

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में सनातन संस्कृति के संदेश का पूरा ध्यान रखा गया है। बताया जाता है कि रोड शो की शुरूआत में पांच सौ महिलाएं भारतीय परिधान में ध्वज लेकर आगे चलेंगी। रोड शो में सभी समाज के लोग मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री के रोड शो का स्वागत गाजे-बाजे के साथ होगा। यहां स्वागत के लिये बॉक्स बनाए जाएंगे और कहीं रागनी तो कहीं लोक गीतों का कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री पर फूलों की बरसात होगी। इसके अलावा दोनों तरफ प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कटआउट लगेंगे।

### दो घंटे के रोड में एक लाख की भीड़ का अनुमान

**करंट क्राइम।** बताया जाता है कि मुख्यमंत्री का रोड शो लगभग दो घंटे का होगा। बाहर सौ मीटर के रोड में कई स्थानों पर स्वागत होना है और यहां लगभग एक लाख की भीड़ का टारगेट रखा गया है। इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा कि पूर्व में प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान आने वाले लोगों को सुरक्षा के नाम पर पुलिस द्वारा ना रोका जाए। सुरक्षा और भीड़ दोनों के बीच समन्य रहे इसके लिए कार्यकताओं को पहले आने का संदेश दिया गया है ताकि वो अपना अपना स्थान ले लें। इसके अलावा ये व्यवस्था भी हो सकती है कि रोड शो में प्रवेश के लिए एंट्री का स्थान सेम रखा जाएगा जिससे कार्यकताओं और जनता को कोई परेशानी ना हो।

# अभ्यर्थियों का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन

**प्रयागराज।** प्रयागराज में धरना स्थल पर मंगलवार को ड्रम और नगाड़ों के शोर में यह नारा गूंजता रहा- जुड़ेंगे और जीतेंगे भी। अभ्यर्थियों ने नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ आयोग पर तंज कसते हुए पोस्टर के जरिये पदों की रेट लिस्ट भी जारी की।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अभ्यर्थियों का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी है। अभ्यर्थियों के धरने को आज तीसरे दिन है। वे मांग कर रहे हैं कि पीसीएस और आरओ/एआरओ परीक्षाएं एक दिन और एक शिफ्ट में आयोजित की जाएं। रैपिड एक्शन फोर्स (फअत्र्फ) और पुलिस के जवान मौके पर मौजूद हैं। इससे पहले, प्रयागराज में धरना स्थल पर मंगलवार को ड्रम और नगाड़ों के शोर में यह नारा गूंजता रहा- जुड़ेंगे और जीतेंगे भी। अभ्यर्थियों ने नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ आयोग पर तंज कसते हुए पोस्टर के जरिये पदों की रेट लिस्ट भी जारी की।



### मान-मनौव्वल का दौर दिनभर चला

इससे पूर्व मंगलवार सुबह पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा अभ्यर्थियों के बीच पहुंचे और उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि वह भी कभी प्रतियोगी छात्र रहे हैं। नियम कानून से ऊपर कोई नहीं। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि आयोग के सामने से उठें और उनके साथ सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल पर चलें, क्योंकि इससे रास्ता बंद हो गया है और आम लोगों को दिक्कत तो रही है।

### 'न तो सोएंगे और न ही सोने देंगे'

कमिश्नर ने कहा कि धरना स्थल पर अभ्यर्थियों के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी। हालांकि, अभ्यर्थी भड़क गए और कहा कि अब वे कहीं नहीं जाएंगे। धरना स्थल पर सुबह 11 बजे तक फिर से हजारों की संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे। अभ्यर्थियों को अलग-अलग जत्था अपने-अपने अंदाज में पहुंचा। कोई ढोल नगाड़ों के साथ नाचते-गाते पहुंचा तो किसी सांकेतिक रूप से शवयात्रा लेकर पहुंचा। आयोग के सामने दिनभर ढोल और नगाड़ों का शोर रहा। अभ्यर्थियों ने कहा कि न तो सोएंगे और न ही सोने देंगे।

### सड़क पर लिखा गया, 'हम छात्रों की एक ही इच्छा, एक पाली में हो परीक्षा'

कई अभ्यर्थियों के हाथ में पोस्टर नजर आए, जिस पर लिखा था, 'पहले आओ पहले पाओ। यदि नॉर्मलाइजेशन लागू है तो रेट लिस्ट- एसडीएम 70 लाख, डिप्टी एसपी 65 लाख, एआरटीओ 60 लाख, बीएसए 55 लाख, पीसीएस जे 70 लाख। यूपीआई व ऑनलाइन पेमेंट स्वीकार।' इसी तरह आयोग के गेट नंबर-2 के सामने सड़क पर लिखा गया, 'हम छात्रों की एक ही इच्छा, एक पाली में हो परीक्षा।

### पुलिस ने परिवार को धमकाया

प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय ने आरोप लगाया है कि आंदोलन के मद्देनजर पुलिस ने उनके परिवार वालों को धमकाया है। प्रशांत का कहना है कि एलआईयू वाले उन्हें लगातार फोन कर रहे हैं और उनके फोन नंबर के माध्यम से प्रशांत के पैतृक आवास का पता लगाया। आरोप है कि गोपीगंज थाने की पुलिस ज्ञानपुर स्थित प्रशासन के आवास पर पहुंची और उनके 70 वर्षीय पिता व बड़े भाई को धमकाया कि प्रशांत को समझा लें, वह आंदोलन में शामिल न हों।

### प्रतियोगी छात्र का आरोप

प्रशांत का कहना है कि वह आंदोलन में सीधे शामिल नहीं हैं लेकिन उनका समर्थन है। सरकारी सेवा से रिटायर उनके पिता ब्लड प्रेशर के मरीज हैं। प्रशांत 15 साल पहले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रयागराज आए थे। तब से घर बहुत कम जाना होता है। अगर पुलिस को कोई बात करनी थी तो सीधे उनसे संपर्क करते। परिवारों का उत्पीड़न क्यों किया जा रहा है। वहीं, समिति के अध्यक्ष अवनीश पांडेय का कहना है कि अगर पुलिस ने अपना रवैया नहीं सुधार को वह पुलिस कप्तान के खिलाफ कार्रवाई के लिए न्यायालय की शरण में जाएंगे। पुलिस को कोई अधिकार नहीं कि शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलनरत किसी भी छात्र या उसके परिवारवालों को प्रताड़ित किया जाए।

### यूपीपीएससी के इतिहास में पहली बार एक साथ दो परीक्षाओं के लिए संघर्ष

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास में पहली बार एक साथ दो परीक्षाओं के लिए आंदोलन हो रहा है। अभ्यर्थियों ने पीसीएस व आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने और नॉर्मलाइजेशन लागू करने के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 22 व 23 दिसंबर को प्रस्तावित आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 से जहां 1076004 अभ्यर्थी जुड़े हैं, वहीं सात व आठ दिसंबर को प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 के लिए 576154 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। इनमें कई ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने दोनों परीक्षा के लिए आवेदन किए हैं।




### परीक्षा सिर पर और नॉर्मलाइजेशन में उलझा मन

पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 के आयोजन में एक माह से कम वक्त बचा है और आंदोलनकारी अभ्यर्थियों का मन नॉर्मलाइजेशन के चक्रव्यूह में उलझा है। इसकी वजह से दिन-रात आयोग के सामने धरना दे रहे अभ्यर्थियों की तैयारी भी प्रभावित हो रही है। सिर्फ पीसीएस ही नहीं, बल्कि आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 के अभ्यर्थियों की भी यही मनोदशा है। पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा सात व आठ दिसंबर को प्रस्तावित है और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा 22 व 23 दिसंबर को होनी है। हालांकि, आयोग की ओर से यह स्पष्ट किया जा चुका है कि अभ्यर्थी किसी भ्रम में न रहे और परीक्षा की तैयारी में लगे जाएं, क्योंकि पीसीएस परीक्षा अपनी पूर्व निर्धारित तिथि सात व आठ दिसंबर 2024 को ही होगी।

### दो नामजद सहित 12 पर केस, 10 हिरासत में

उधर, आयोग के बाहर चल रहे प्रदर्शन के दौरान सरकारी बैरियर व कोचिंग का बोर्ड तोड़ने पर 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से दो नामजद अभिषेक शुक्ला और राघवेन्द्र व अन्य अज्ञात आरोपी हैं। उधर, माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने पर 10 को हिरासत में लिया गया है, जिनसे देर रात तक पूछताछ जारी है।

## अल्ट्राटेक नाम पर बेच रहा था नकली सीमेंट
## पुलिस ने 410 बोरी की बरामद, आरोपी फरार



● पुलिस ने पहले गांव भोजपुर में एक दुकान पर छापा मारा जहां से 310 बोरी बरामद की और फिर कस्बा फरीदनगर की दुकान पर छापेमारी कर 100 बोरी सीमेंट की बरामद की।

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर के गांव भोजपुर में नकली सीमेंट बेचने का मामला सामने आया है। विक्रेता अल्ट्राटेक कंपनी का लेवल लगाकर नकली सीमेंट बेच रहा था। कंपनी के अधिकारियों की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने दोनों दुकानों से 410 सीमेंट की बोरी बरामद की हैं। इस कार्रवाई के बाद सीमेंट व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि एक अल्ट्राटेक कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक संजय शर्मा ने भोजपुर थाने में तहरीर दी है कि कंपनी के लेवल लगाकर नकली सीमेंट दो दुकानों पर बेचा जा रहा है।

सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि पहले इस मामले में कॉपीराइट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई और फिर कंपनी के अधिकारियों के साथ पुलिस को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने पहले गांव भोजपुर में एक दुकान पर छापा मारा जहां से 310 बोरी बरामद की और फिर कस्बा फरीदनगर की दुकान पर छापेमारी कर 100 बोरी सीमेंट की बरामद की।

पुलिस ने विश्वेंद्र निवासी भोजपुर और गौरव निवासी फरीदनगर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया बोरी में रेत भरा हुआ था और कंपनी का लेवल लगाकर बेचा जा रहा था। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की तीन टीम दबिश दे रही है।

## गाजियाबाद में ऐसे होगी रोड सेफ्टी नगर निगम के प्लान को मिली मंजूरी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों और बिना सीट बैल्ट लगाए कार ड्राइव करने वालों की ट्रैफिक पुलिसकर्मी फोटो नहीं खीचेंगे। न ही वाहन चालक ट्रैफिक पुलिसकर्मियों से किच- किच करते नजर आएंगे। बल्कि शहर की सड़कों पर लगे अत्याधुनिक कैमरे यह काम खुद- ब- खुद करेंगे। नियम तोड़ने वाले वाहनों के चालान ऑटोमेटिक कटेंगे और तत्काल रजिस्टर्ड को मैसेज भी मिलेगा। आने वाले दिनों में ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वालों के खिलाफ यह काम स्मार्ट ट्रैफिक कंट्रोल रूम करेगा। इसके लिए शहर भर में 70 स्मार्ट कैमरे लगेंगे।

यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के अलावा कैमरे शहर का सुरक्षा तंत्र मजबूत करने में भी मदद करेंगे। शहर की सड़क पर कोई भी अपराध होगा तो कैमरे तत्काल कंट्रोल रूम को रिपोर्ट करेंगे। पुलिस को इलेक्ट्रोनिक साक्ष्य जुटाने में इन कैमरों से बहुत मदद मिलेगी। पुलिस को इसका बड़ा लाभ




अपराधियों की धरपकड़ से लेकर कोर्ट में मामलों की पैरवी में भी मिलेगी और पुलिस को फुटेज खंगालने के लिए निजी सीसीटीवी कैमरों के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा।

### 1500 निजी कैमरे दे रहे इनपुट

नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए पहले ही 1500 निजी सीसीटीवी कैमरे नगर निगम मुख्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम को इनपुट दे रहे हैं। इस कंट्रोल रूम से शहर के विभिन्न इलाकों में निगरानी की जा रही। नगरायुक्त ने बताया कि स्मार्ट ट्रैफिक कंट्रोल रूम के तहत सभी प्रमुख चौराहों पर हाई रेजुलेशन वाले आईपी बेस्ड कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों की कंट्रोल से मॉनीटरिंग की जाएगी।

### ढाई करोड़ रुपये होंगे खर्च



यातायात नियम तोड़ने वाले वाहनों पर नकेल कसने के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा तैयार कराई गई डीपीआर ( डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को शासन से मंजूरी मिल गई है। प्रोजेक्ट पर 250 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह राशि शासन से सेफ सिटी योजना में मिलेगी। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि योजना के अंतर्गत महानगर के सभी चौराहों पर 350 अत्याधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे। यह राउंड द क्लॉक, अंधेरे- उजाले में 360 डिग्री पर कवरेज करेंगे। इनमें 70 कैमरे ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकगनाइजेशन (एएनपीआर) वाले होंगे। एएनपीआर कैमरे यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहनों का ई-चालान करेंगे।

### एआई पर काम करेगा आईटीएसएस



नगरायुक्त ने बताया कि इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) एआई यानि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से काम करेगा। सभी चौराहों के ट्रैफिक सिग्नल ऑटोमेटिक होंगे। किसी दिशा से वाहनों का दवाब ज्यादा है? ट्रैफिक सिग्नल इस बात को समझकर तत्काल निर्णय लेने में सक्षम होंगे। इससे सिग्नल की टाइमिंग जरूरत के हिसाब से बदलती रहेगी, इससे सिग्नल पर वाहनों को होल्डिंग टाइम कम होगा। यह सिस्टम समय और ईंधन बचाने में मददगार होगा।

### घटनाओं की रिपोर्टिंग होगी फास्ट



नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि भीड़भाड़ वाले बाजारों और व्यस्त इलाकों में लगे कैमरे वहां होने वाली घटनाओं पर भी नजर रखेंगे। मान लीजिए कहीं रोड एक्सीडेंट, बिल्डिंग गिरने या उसमें आग लगने की घटना होती है तो कंट्रोल रूम की स्क्रीन पर यह नजारा लाइव होगा। कंट्रोल रूम से तत्काल मौके पर मदद भेजी जा सकेगी।

## प्रदेश में नौकरियों में अनुसूचित जाति वर्गीकरण का फैसला लागू



**हरियाणा।** सत्र की तीन बैठकों के दौरान विपक्ष डीएपी खाद की कमी, अनियंत्रित डेंगू और पराली के मुद्दे पर किसानों पर लगाए जा रहे जुर्माने पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। विपक्ष के विधायक इसके लिए तैयार हैं। वहीं, सत्ता पक्ष के मंत्री जवाब देने के लिए तैयार रहेंगे। राष्ट्रीय गान के साथ हरियाणा विधानसभा में सदन की कार्यवाही शुरू हो गई है। सदन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अभिभाषण दिया। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि सीईटी पास करने वाले ऐसे युवा जिन्हें एक साल तक नौकरी नहीं मिली, उन्हें अगले दो साल तक नौ हजार मासिक मानदेय दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि विधायक के तौर पर चुनकर आए सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारी का सही निर्वहन करेंगे। प्रदेश में नौकरियों में अनुसूचित जाति वर्गीकरण का फैसला आज से ही लागू कर दिया जाएगा।

## लोन दिलाने के नाम पर 8 लाख की ठगी, 40 लाख का लोन दिलाने का दिया था झांसा, एफआईआर दर्ज

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में एक व्यक्ति को 40 लाख का लोन कराने का झांसा देकर आरोपियों ने हस्ताक्षर किए हुए 3 बैंक चेक ले लिया। इस दौरान चेक से आरोपियों ने उसके खाते से करीब 8 लाख रुपए निकाल लिया। पीड़ित को जब ठगी का एहसास हुआ तो मामले में थाना साइबर क्राइम पुलिस को तहरीर दी गई। जहां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

दिल्ली रोड स्थित अच्छेजा गांव के रहने वाले सुनील कुमार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी आरकेएस इंटरप्राइजेज नाम से फर्म है। जिसका ऑफिस पक्का बाग मंडी में है। पिलखुवा के चंडी मंदिर के पास सिखेड़ा रोड पर उसकी फैक्ट्री है। शिकायतकर्ता का सबमर्सिबल के स्पेयर्स पार्ट्स का भी काम है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले दो अलग-अलग अज्ञात नंबरों से उनके पास कॉल आई थी। कॉल पर बात करने वाले आरोपियों ने पीड़ित को व्यवसाय पर ओवरड्राफ्ट लोन कराने का झांसा दिया। जिसके बाद आरोपियों को पीड़ित ने




**आरोपियों ने पीड़ित को 40 लाख रुपए का बैंक लोन कराने का आश्वासन दिया। पीड़ित ने आरोपी पर भरोसा करके 3 चेक पर हस्ताक्षर कर उसे दे दिए।**

अपने ऑफिस पर बुलाया। आरोप है कि 10 अक्टूबर को रवि पांचाल नामक व्यक्ति उनके ऑफिस पर पहुंचा। उसने बताया कि वह एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी है। उसके साथी कमल शर्मा और अमन बाली है।

आरोपियों ने पीड़ित को 40 लाख रुपए का बैंक लोन कराने का आश्वासन दिया। पीड़ित ने आरोपी पर भरोसा करके 3 चेक पर हस्ताक्षर कर उसे दे दिए। जिसके बाद 18 अक्टूबर को रवि पांचाल अपने साथी कमल शर्मा और अमन बाली के साथ उसके मंडी स्थित कार्यालय पर पहुंचा। आरोपियों ने लोन प्रोसेसिंग की बात कर पीड़ित के मोबाइल हाथ में लेकर उससे छेडछाड़ की। कुछ देर बाद पता चला कि आरोपियों ने उसके बैंक चेक से 8 लाख रुपए निकाल लिया। साइबर थाना प्रभारी नजीर अली ने बताया कि शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जांच कराई जा रही है।

## भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को विजय नगर के मवाई गाँव में पाल समाज ने दिया पूर्ण समर्थन




गाजियाबाद करंट क्राइम। संदीप पाल के नेतृत्व में गाजियाबाद उप चुनाव संजीव शर्मा को विजय नगर के मवाई गाँव में पाल समाज ने दिया पूर्ण समर्थन दिया गया। इस दौरान सरदारी लाला, जय प्रकाश पाल, जय लाल पाल, तुलसीराम पाल, राजपाल, सुभाष पाल, देवकीनंदन पाल, रामभूल पाल, विजय कुमार पाल, राजपाल, राधेश्याम, राजकुमार पाल, जीतू पाल, रामवीर पाल, जितेन्द्र पाल, पवन पाल, गौरव पाल, धर्मवीर पाल, मनोज पाल, रविदत्त पाल, नरेश पाल, नरोत्तम पाल, रवि पाल, प्रेमी पाल, ऋषि पाल आदि लोग मौजूद रहे!!

## पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 के झंडापुर गांव में अंबेडकर पार्क के पास दो गलियों का निर्माण कार्य का उद्घाटन पार्षद भूपेंद्र उपाध्यय ने किया।

इस निर्माण कार्य की लागत लगभग 5.50 लाख रुपए के आसपास है, इस मौके पर पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय का गांव वासियों द्वारा स्वागत कर आभार व्यक्त गांव वासियों ने बताया कि कई वर्ष बाद यह है सड़क बन रही है। पहली बार झंडापुर का कोई पार्षद बना है जिसने पहली बार झंडापुर में इतने विकास के कार्य कराए हैं। इस मौके पर भाजपा पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भाजपा की सरकार



प्रदेश में भी विकास कर रही है, और केंद्र में भी विकास कर रही है, भाजपा की सरकार की प्राथमिकता विकास ही है। इस मौके पर होशियार सिंह नगर, सुरेंद्र बिडवाल, राजेंद्र शर्मा, रवि पंडित, मिंटू उपाध्याय, सुगनपाल यादव, सोमेश्वर यादव, राहुल परिहार, गगन हरीश हल्दिया आदि लोग उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार के कारण दरभंगा एम्स के निर्माण में विलंब हुआ : तेजस्वी यादव

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दरभंगा एम्स का शिलान्यास किया। दूसरी तरफ राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि दरभंगा एम्स पहले ही बन गया होता, केंद्र सरकार के कारण विलंब हुआ। राजद के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को मुजफ्फरपुर रवाना होने से पहले कहा कि हमलोग दरभंगा के शोभन में जमीन लेकर गए थे। यह लोग डीएमसीएच परिसर में ही बनाना चाहते थे। हम लोग चाहते थे कि एम्स डीएमसीएच में ना बने, बाहर जाकर बने ताकि शहर का विकास हो सके। डीएमसीएच तो धरोहर रहा है, राज्य सरकार खुद विस्तार करने का काम कर रही है। डीएमसीएच भी बनेगा और एम्स बनेगा, जो भी विलंब हुआ, वह केंद्र सरकार के कारण हुआ। उन्होंने कहा कि सारा काम तो हमलोग का किया हुआ है। यह लोग तो मना कर रहे थे।



हम लोग ने इसके लिए केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी थी। सबकुछ ऑन रिकॉर्ड है कि किसकी बदौलत क्या हो रहा है। इससे पहले विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने एक्स पर लिखा कि विकास कार्यों में भाजपा की सोच सीमित और छोटी है। उनकी सीमित सोच में राजनीति के अलावा और किसी के लिए जगह नहीं है। स्वास्थ्य जैसे गंभीर विषय पर भाजपाइयों से दूरदर्शिता की अपेक्षा करना बेकार है। जिस तरह दरभंगा एम्स के लिए भाजपाई डीएमसीएच कैंपस पर ही अड़े थे, वह यह दशार्ता था कि उनके दिमाग में राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। जो स्थल हमने बिहार के उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री रहते दरभंगा एम्स के लिए सुझाया था, उससे भविष्य के लिए भी विस्तारीकरण, उन्नतिकरण, सुव्यवस्थितिकरण, रोजगार सृजन के अनेक संभावनाओं के लिए स्वतः रास्ते खुलते हैं।

उन्होंने आगे लिखा कि अफसोस के साथ संतुष्टि है कि छह वर्षों बाद केंद्र-राज्य में डबल इंजन सरकार रहने के बावजूद प्रधानमंत्री उसी स्थल पर निर्माण की आधारशिला रखेंगे। संतुष्टि इसलिए भी है कि हमने 17 महीनों में चार-पांच साल से उलझे विवाद एवं मुद्दे को सुलझाया तथा नया स्थल सुझाया।

## इंटरनेट पर सही और गलत का फर्क समझना जरूरी



**नोएडा करंट क्राइम।** सेक्टर-24 स्थित केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को मीडिया साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पत्रकार अजय चौहान ने छात्रों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मीडिया की भूमिका और इसके प्रति सजगता को लेकर छात्रों को जागरूक किया। पारंपरिक मीडिया से इतर इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर हमारी बराबर की सक्रियता के साथ जिम्मेदारी के बारे बात की गई। हम किस तरह से इसका उपयोग कर समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं, तो वहीं अगर हम सही और गलत का फर्क नहीं कर पाएं तो यह हमारे लिए बहुत बड़ा खतरा भी हो सकता है। कार्यशाला में बच्चों को अखबार, पत्रिका व वीडियो के माध्यम से खबरों को परखने की मूलभूत जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य खेमेंद्री टोंडवाल ने बताया कि केंद्रीय विद्याल संगठन की तरफ से सामान्य पाठ्यक्रम से इतर छात्रों को 21वीं सदी के कौशल जुड़े विषयों पर कार्यशाला कराई जा रही है, जिसमें इंडस्ट्री से जुड़े लोग अपने अनुभव साझा करते हैं। इसमें मीडिया साक्षरता, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, आर्थिकी आदि विषय शामिल हैं

गाजियाबाद के 48 वर्ष पूरे होने पर शहरवासियों को शुभकामनाएं

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...



# प्रदेश की कानून व्यवस्था मजबूत, अब भय और भ्रम का माहौल नहीं : रामाशीष राय

## भाजपा-रालोद नेताओं ने कहा एनडीए का पलड़ा भारी है, होगी जीत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश में 9 सीटों पर हो रहे उपचुनाव में एनडीए गठबंधन मजबूत स्थिति में रहेगा और इस बार चुनाव में एनडीए का पलड़ा भी भारी है। यह कहना है राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी रामाशीष राय का। रामाशीष राय बुधवार को नवयुग मार्केट स्थित भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के चुनाव कार्यालय पर संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि योगी और मोदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए पूरी तस्वीर बदल दी है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था अब बहुत सुधर चुकी है। माहौल बिगड़े हुए थे और लोकसभा चुनाव में माहौल बिगड़ने की कोशिश की गई लेकिन आज जनता के बीच ना तो किसी प्रकार का भय है और ना वह भ्रम की स्थिति में है। इस दौरान रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के साथ उत्तर प्रदेश में जारी गठबंधन से एनडीए का पड़ला भारी हो रहा है।

### पूर्व महापौर अशु वर्मा ने कहा एक और एक दो नहीं, 11 हो गए हैं



### पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा मतदान पर है फोकस, रिकॉर्ड मतों से होगी जीत



**करंट क्राइम ।** भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता की तो इस दौरान पूर्व महापौर व चुनाव संयोजक अशु वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और गठबंधन के प्रत्येक पदाधिकारी की कोशिश है कि मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जाए। मतदान से ज्यादा मतदान के प्रतिशत बढ़ाने पर पदाधिकारियों का फोकस है। इस दौरान संजीव शर्मा की जीत के प्रति पूर्व महापौर आशवस्त नजर आए। उन्होंने कहा कि रिकार्ड मतों से गाजियाबाद विधानसभा चुनाव में जीत होनी है। साथ ही अशु वर्मा ने यह भी कहा है कि अब भाजपा और रालोद एक और एक दो नहीं बल्कि एक और एक ग्यारह वाली स्थिति में आ चुके हैं। इसका असर विधानसभा उपचुनाव में देखने को मिलेगा।

### मंच से लेकर बेंच तक नजर आया रालोद-भाजपा का साथ

**करंट क्राइम ।** भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के बीच गठबंधन है और गठबंधन का नजारा बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की प्रेसवार्ता में भी देखने को मिला। जहां मंच पर रामाशीष राय के साथ पूर्व महापौर अशु वर्मा, रालोद नेता इंद्रजीत सिंह टीटू, अभिषेक त्यागी, प्रवक्ता सामंत सेखरी, रेखा चौधरी, भाजपा नेता महेश अग्रवाल व वीरेंद्र चौहान मुख्य रूप से नजर आए। तो प्रेसवार्ता शुरू होने से पहले भी सभी नेता आपस में एक साथ देखे गए। इस दौरान कहा जाए तो मंच से लेकर बेंच तक गठबंधन वाला सीन नजर आया। वहीं प्रेसवार्ता में अशु वर्मा ने रेखा चौधरी की तारीफ करते हुए कहा कि गठबंधन जिस तरीके से सहयोग वाली भूमिका में है, उससे चुनाव और मजबूत हो रहा है।

# 48 साल का हो गया जिला गाजियाबाद प्रदेश में बना रहा है विशेष पहचान

- 16 लाख की आबादी वाला जिला हो गया 55 लाख से ज्यादा
- रैपिड ट्रेन, हिंडन एयरपोर्ट, 12 लेन हाईवे और एक्सप्रेस-वे सहित कई मुकाम किए हासिल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** आज गाजियाबाद जिले का जन्म दिवस है। गाजियाबाद जिला आज 48 वर्ष का हो गया है। आज ही के दिन उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने 14 नवंबर 1976 को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर गाजियाबाद को मेरठ की एक तहसील से बदलकर जिला घोषित किया गया था। बीते 48 सालों में गाजियाबाद ने टेक्नोलॉजी से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आज गाजियाबाद में देश की पहली रैपिड हाई स्पीड रेल है। तो दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे हाईवे के साथ ही यहां हिडन पर निजी एयरपोर्ट और गगनचुंबी इमारतों से लेकर शिक्षा, चिकित्सा, कला संस्कृति और उद्योग के नए कीर्तिमान भी लिखे जा रहे हैं। गाजियाबाद आज उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश और दुनिया के मानचित्र में अलग पहचान बना रहा है।

गाजियाबाद बीते दो दशकों में जहां क्लीन सिटी के रूप में नजर आया है। तो वहीं अब यह हाईटेक और ग्रीन सिटी के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। नगर निगम से लेकर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, आवास विकास से लेकर खोड़ा और लोनी नगर पालिका नए इंतजाम कर रही है। यहां तेजी से शिक्षा जगत में पहचान बनाई गई है, तो खेल, फिल्म और रोजगार के साथ ही राजनगर एक्सटेंशन, वेव सिटी और मधुबन बापूधाम का इलाका शहर का नया हॉटस्पॉट बन रहा है।

### कभी नजर आते थे जंगल, आज हाईराइस बिल्डिंग व मल्टीप्लेक्स की बहार

**करंट क्राइम ।** दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख हिस्से के रूप में बन चुके गाजियाबाद की पहचान अब धीरे-धीरे हाईराइस बिल्डिंग और मल्टीप्लेक्स वाले शहर के रूप में होती जा रही है। शहर में जंगल और खेतों की जगह इमारतों ने ले ली है। पुराने सिनेमा घर खत्म हुए तो उनकी जगह मल्टी ब्रांडेड शोरूम और कई फ्लोर में डेवलप मल्टीप्लेक्स ने ले ली है। संकरी गलियों और गड्ढे वाले रास्तों को छोड़ अब यहां चौड़ी सड़के, फ्लाईओवर और एक्सप्रेस-वे नजर आते हैं। दूर तक रफ्तार भरते वाहन और हवा में उड़ते एयरफोर्स के लड़ाकू विमान और निजी विमान नजर आते हैं। गाजियाबाद में आज दर्जनों मल्टीप्लेक्स खुल चुके हैं, तो वहीं आरडीसी, इंदिरापुरम और राज नगर एक्सटेंशन होटल्स का नया हब बन गया है।

### नमो भारत ट्रेन और यूनानी अस्पताल बने अलग पहचान





**करंट क्राइम ।** बीते 48 सालों में जहां निजी अस्पतालों के साथ ही बड़े और प्राइवेट अस्पताल नजर आते हैं। तो वहीं ड़डाहेड़ा में नया अस्पताल बन रहा है। इसके साथ ही गाजियाबाद में देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन नमो भारत भी संचालित है। इसकी स्पीड और आधुनिक सीट के साथ ही इसमें सफल आरामदायक और फुली एयर कंडीशन से युक्त है, यह आज अलग पहचान बना रही है। तो वहीं गाजियाबाद में 342 करोड़ की लागत से बने राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान ने भी लोगों को दैनिक उपचार की नई सुविधा मुहैया कराई है।

### कमिश्नरेट बनने से बढ़ी पुलिस और घटा क्राइम का रिकॉर्ड

**करंट क्राइम ।** उत्तर प्रदेश के इस खास जिले को बीते सालों में कमिश्नरेट का हिस्सा बना दिया गया है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट बना है, जिला बनने के बाद गाजियाबाद में 42 एसएसपी तैनात किए गए। तो वहीं बीते दो वर्ष पहले नवंबर माह में गाजियाबाद पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू की गई थी। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद पुलिसकर्मियों की संख्या 5500 से लगभग 8000 के पास पहुंच गई है। वहीं यातायात पुलिसकर्मियों की संख्या भी दोगुनी कर दी गई है। तो वहीं संसाधनों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। जिला गाजियाबाद में चंद आईपीएस होते थे लेकिन वर्तमान में गाजियाबाद में बड़ी संख्या में आईपीएस और पीपीएस अधिकारियों की संख्या भी देखने को मिल रही है।

# कमला नेहरू नगर सीपीडब्ल्यूडी ग्राउंड से रवाना होगी उपचुनाव की पोलिंग पार्टी

## पहले कवि नगर रामलीला मैदान चुना गया था स्थान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** 20 नवंबर को गाजियाबाद में मतदान है और विधानसभा उपचुनाव के लिए जो पोलिंग पार्टियों 119 केंद्र और 506 मतदेय स्थल पर रवानी की जाएगी, उनका रवानगी का स्थान बदल गया है। पहले पोलिंग पार्टियों कवि नगर रामलीला मैदान से भेजी जानी थी लेकिन अब उसका स्थान कमला नेहरू नगर सीपीडब्ल्यूडी का ग्राउंड चुना गया है। पुलिस और चुनाव संबंधित जिम्मेदारी संभालने वाले प्रशासनिक अधिकारियों से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए 19 नवंबर की सुबह कमला नेहरू नगर सीपीडब्ल्यूडी ग्राउंड से पोलिंग पार्टियों रवाना की जाएगी। बा दें कि पहले मतदान की तिथि 13 नवंबर थी जिसे बाद में चुनाव आयोग ने कार्तिक पूर्णिमा पर्व के चलते बदलाव करते हुए 20 नवंबर कर दिया था।

### 20 नवंबर को है उपचुनाव के लिए मतदान



### 119 मतदान केंद्र और चार लाख, 61 हजार, 360 हैं मतदाता



**करंट क्राइम ।** रिटर्निंग ऑफिसर डा. संतोष उपाध्याय से मिली जानकारी के अनुसार विधान सभा- 56 गाजियाबाद में होने वाले उपचुनाव में मतदान के लिए कुल 119 केंद्र बनाए गए हैं। जहां 506 मतदेय स्थल हैं। जिनमें से 106 क्रिटिकल मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जहां चार लाख, 61 हजार 360 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए विधानसभा उपचुनाव में वोट करेंगे।

# मुख्यमंत्री के रोड शो की तैयारी में जुटी भाजपा चुनाव संचालन समिति






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आगामी 16 नवम्बर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गाजियाबाद दौरे और प्रस्तावित रोड शो के आयोजन को लेकर गाजियाबाद विजय नगर स्थित उत्सव भवन में उपचुनाव कार्यालय पर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में मुख्य रूप से गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद डॉक्टर रमेश चंद्र तोमर, पूर्व महापौर आशु वर्मा और महानगर के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए तैयारी की रणनीति बनाना था।

### 100 वर्गों में बांट कर दी गई सभी को रोड शो से जुड़ी जिम्मेदारी

**करंट क्राइम।** रोड शो की सफलता हेतु स्वागत को लगभग 100 बिंदुओं अर्थात वर्गों में बांटकर सभी की जिम्मेदारी सौंपी गई। व्यवस्थाओं और स्वागत स्थल के आवंटन के दौरान महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने रोड शो के दौरान मीडिया ब्लॉक की व्यवस्था की मांग भी की। रोड शो में स्वागत के दौरान सभी पार्षद गण मोर्चे प्रकोष्ठ के सभी प्रमुख जन, सभी व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी जन, सभी सामाजिक एवं जातीय संस्था के लोग, एनजीओ आदि सभी वर्गों से जुड़े लोगों को रोड शो में स्वागत करने हेतु प्रमुख रूप से जोड़ा गया।

### यह चेहरे थे रोड शो की तैयारी वाली बैठक में मुख्य रूप से मौजूद

**करंट क्राइम।** इस बैठक में मौजूद पूर्व सांसद डॉ रमेश चंद्र तोमर ने सभी संचालन समिति के सदस्यों का बैठक में उपस्थित होने पर आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया। सभी कार्यकर्ता अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वागत और रोड शो को भव्य रूप देने के लिए पूरी तत्परता से तैयारियों में जुट गए हैं। बैठक में प्रमुख रूप से चुनाव कैसे संयोजक सुनील यादव, राजीव शर्मा, हातम सिंह नागर, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, आई टी संयोजक प्रियंका प्रियदर्शनी, मोनिका पण्डिता, संदीप त्यागी, मीना भंडारी, रेनू चंदेला, पार्षद पूनम सिंह पार्षद शीतल चौधरी, पार्षद सुभाष चौधरी अजय बिट्टा, शरद शर्मा राकेश त्यागी, कन्हैया लाल, राजेश शर्मा, किरन सिंह, महिम गुप्ता, सुधीर शर्मा, दयानंद बंसल देवेंद्र त्रिपाठी धर्मेंद्र चौधरी, पंकज भारद्वाज, सह मीडिया प्रभारी सोनू भाटी आदि संचालन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### बोले सांसद अतुल गर्ग गाजियाबाद देगा रोड शो के ऐतिहासिक होने की गवाही

**करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग ने बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ हर भारतवासी के दिल में बसते हैं। वह आपके शहर में रोड शो के दौरान आपके बीच में रहेंगे उनका स्वागत कितना भाव होगा। यह सब बताने की नहीं दिल से करने की बात है। क्षेत्र वासियों में मुख्यमंत्री योगी के रोड शो को लेकर काफी उत्साह है और निश्चित रूप से यहां का आम नागरिक ही प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के रोड शो के ऐतिहासिक होने की गवाही देगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं को निर्देशित किया कि वे बिना समय गंवाए अपनी-अपनी भूमिकाओं में जुट जाएं और पूरी ऊर्जा के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दें।

# नदिया पार के भगवा पार्षद का उस समय अंदाज हो गया कड़क

## जब पार्षद की चैकिंग में चद्दर की तरह फट गई सड़क





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विकास के लिए सरकार ने खजाना खोला है और नगर निगम ने पार्षदों को अपने वार्ड में विकास कराने के लिये एक-एक करोड़ की सौगात दी। नदिय पार के सात वार्ड भी अब नगर निगम की सीमा में आ गए हैं। इन वार्डों में भी विकास हो रहा है, लेकिन सबसे बड़ी बात ये है कि विकास के नाम पर आखिर क्या हो रहा है। ये खुलासा तब हुआ जब नगर निगम के पार्षद ने लकड़ी के डंडे से सड़क की गुणवत्ता चेक की। जो सड़क तारकोल रोड़ी से बनी मजबूत सड़क डंडे से फट गई। गुणवत्ता की पोल खुल गई और मामला जब ठेकेदार और अवर अभियंता तक पहुंची तो उन्होंने सड़क का निर्माण फिर से कराने की बात कही और जांच करानी की बात कही। मामला वसुंधरा के वार्ड 74 से जुड़ा है। यहां नरेश भाटी पार्षद हैं और वो भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते हैं। नरेश भाटी हमेशा अपने क्षेत्र में एक्टिव रहते हैं, क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जागरूक रहते हैं और उनके वार्ड में विकास कार्य होता है तो वह इस बात पर विशेष नजर रखते हैं कि गुणवत्ता से समझौता ना हो पाए। क्षेत्र की जनता भी नरेश भाटी को सम्मान देती है और नरेश भाटी की छवि एक ईमानदार तथा सक्रिय पार्षद की बताई जाती है।

बताया जाता है कि नरेश भाटी के वार्ड 74 में वैशाली क्षेत्र में एक सड़क का निर्माण हो रहा था। इसी बीच पार्षद नरेश भाटी को यह सूचना मिली कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है और गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जनता की शिकायत मिलते ही नरेश भाटी मौके पर पहुंचे। जब वह वैशाली में सड़क निर्माण वाले स्थान पर पहुंचे तो यहां करंट क्राइम भी मौके पर मौजूद था। यहां पता चला कि क्षेत्र के लोग सड़क की क्वालिटी से संतुष्ट नहीं हैं। लोगों ने बताया कि निर्माण ठीक नहीं हो रहा और फिर पार्षद नरेश भाटी ने जांच के लिये अपना ही फंडा अपनाया और उन्होंने सड़क की गुणवत्ता जांचने के लिए एक डंडा उठाया। पार्षद ने जब तारकोल और रोड़ी की बनी सड़क को डंडे से चेक किया तो सड़क चद्दर की तरह फट गई और कई स्थानों पर सड़क डंडे की छोटी सी चोट भी नहीं सह पाई और उखड़ गई। यह देखकर पार्षद भी हैरान रह गए और लोगों की भी आंखे फटी रह गई। पार्षद नरेश भाटी ने मौके पर ही ठेकेदार शैंकी त्यागी को बुलाया और उसे पूरा सीन मौके पर दिखाया। ये भी दिखाया कि सड़क का निर्माण अभी हुआ है और ये उखड़ रही है। ठेकेदार शैंकी त्यागी ने कहा कि इस सड़क को फिर से बनाया जाएगा और इसे जल्द ही ठीक करा दिया जायेगा। इसके बाद जब नगर निगम के अवर अभियंता संजय गंगवार से बात की गई और उन्हें पूरा मामला बताया गया तो उन्होंने भी कहा कि पूरे मामले की जांच कराएंगे, दोबारा से सड़क का निर्माण कराएंगे, जिस स्तर पर ये लापरवाही बरती गई है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल पार्षद नरेश भाटी सड़क के इस निर्माण से हैरान भी है और वो नाराज भी हैं।

### मेरे क्षेत्र में नहीं होगा विकास कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता: नरेश भाटी



**करंट क्राइम।** वार्ड 74 के पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि सड़क का बनते बनते ही उखड़ जाना अपने आप मे बड़ी लापरवाही है। सरकार का पैसा जनता का पैसा है और इसका दुरुपयोग नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी शिकायत अवर अभियंता और ठेकेदार दोनों को दर्ज कराई है। मेरे वार्ड में विकास कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। मैं स्वयं मौके पर पहुंचता हूं, जांच करता हूं, मेरे वार्ड की जनता जागरूक है, हम भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर नहीं होने देंगे।

संपादकीय

# आवश्यक कार्रवाई

भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को अपने एप और वेबसाइट से ह्यस्वास्थ्य पेयह्ण (हेल्थ ड्रिंक्स) श्रेणी से सभी पेय उत्पादों को हटाने को कहा है. उल्लेखनीय है कि इसी महीने के शुरू में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ई-कॉमर्स कंपनियों को निर्देश दिया था कि वे खाद्य उत्पादों का समुचित श्रेणीकरण सुनिश्चित करें. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने अपनी जांच में पाया था कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 में ह्यस्वास्थ्य पेयह्ण (हेल्थ ड्रिंक्स) जैसी किसी श्रेणी को परिभाषित नहीं किया गया है. कानूनी प्रावधानों के अनुसार, ह्यएनर्जी ड्रिंक्सह्ण बस ऐसे पेय पदार्थ भर हैं, जिनमें कुछ अतिरिक्त सुगंध और स्वाद मिला दिया जाता है. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने इस जांच को अपने निदेश में उल्लिखित किया है. कुछ समय पहले एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने अपने एक पोस्ट में बताया था कि एक उत्पाद विशेष में चीनी की मात्रा इतनी है कि उसे स्वास्थ्य पेय नहीं माना जा सकता. उस उत्पाद को बनाने वाली कंपनी ने उक्त इंफ्लुएंसर को कानूनी नोटिस भेजकर वीडियो हटाने का दबाव बनाया, लेकिन राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने जांच के बाद मांग की सभी भ्रामक विज्ञापनों को हटाया जाना चाहिए।

यह बड़े आश्चर्य का विषय है कि कथित स्वास्थ्य पेय की श्रेणी निर्धारित नहीं होने के बावजूद कंपनियां अपने उत्पादों को इस आधार पर लंबे समय से बेच रही हैं. यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं है, बल्कि छलावा देकर बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का अपराध भी है. हाल के समय में ऐसे भी कुछ मसले आये हैं कि नुकसानदेह मैदा, चीनी और रिफाइंड तेल में बने बिस्किट उत्पादों को स्वास्थ्यवर्धक कह कर बेचा जा रहा है. हमारे देश में हालिया दशकों में बच्चों में मोटापा की समस्या तेजी से बढ़ी है. साल 2003 से 2023 की अवधि के तथ्यों एवं आंकड़ों के आधार पर हुए एक अध्ययन में पाया गया है कि बच्चों में मोटापा 8.4 प्रतिशत है, जबकि अधिक वजन का आंकड़ा 12.4 प्रतिशत है. विभिन्न आकलनों में कहा गया है कि अगर इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आगामी वर्षों एवं दशकों में इसमें उत्तरोत्तर बढ़ोतरी होती जायेगी. भारत एक साथ कम पोषण और अत्यधिक पोषण की समस्या का सामना कर रहा है. इसकी सबसे वजह यह है कि लोगों में पोषण को लेकर समुचित जानकारी का अभाव है. ऊपर से अगर बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर करने के नाम पर गलत उत्पाद बेचे जायेंगे, तो स्थिति चिंताजनक हो सकती है।

# सरकार का 2030 तक 500 गीगावाट हरित ऊर्जा हासिल करना लक्ष्य

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बुधवार को कहा कि मंत्रालय 14-15 नवंबर को भुवनेश्वर में दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' आयोजित करने जा रहा है। यह दो दिवसीय चिंतन शिविर 2030 तक 500 गीगावाट और 2047 तक 1800 गीगावाट हरित ऊर्जा के अगले लक्ष्य की ओर रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करने को लेकर महत्वपूर्ण होगा। इस कार्यक्रम का केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी आईटीसी भुवनेश्वर में उद्घाटन करेंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, "राज्य के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री

## 14-15 नवंबर को 'चिंतन शिविर'



श्रीपद येसो नाइक, ओडिशा के ऊर्जा मंत्री कनक वर्धन सिंह देव और एमएनआरई सचिव प्रशांत कुमार सिंह भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।" 'चिंतन शिविर' का उद्देश्य अग्रणी निर्णयकताओं, वित्तीय संस्थानों, उद्योगपतियों, सीईओ और केंद्र तथा राज्य सरकारों के प्रमुख अधिकारियों को साथ लाना है, जो भारत की रिन्यूएबल एनर्जी यात्रा के अभिन्न अंग हैं। सभी प्रतिभागी अलग-अलग विषयों के सत्रों के जरिए इस सेक्टर में प्रमुख और उभरते मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। सत्रों में 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' शामिल होगी, जिसका उद्देश्य भारत में सौर सहायक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देते हुए 1 करोड़ रूफटॉप इंस्टॉलेशन हासिल करना है।

## 21वीं सदी में भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर पर सबसे अधिक रहेगा जोर

**नई दिल्ली।** केपीएमजी की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत 21 वीं सदी में बुनियादी ढांचे की सबसे बड़ी योजनाओं को लागू करने में सक्षम होगा। इतना ही नहीं हम दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को भी पीछे छोड़ने में कामयाब होंगे। इस पहल के लिए पूंजी के राजकोषीय स्रोतों का सृजन अहम होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, रइनोवेटिव फाइनेंशियल स्ट्रक्चर के माध्यम से विदेशी और घरेलू पूंजी को आकर्षित करने और निवेश को आसान बनाने के लिए कदम महत्वपूर्ण होंगे। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब भारत राजमार्गों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और रेलवे क्षेत्रों में टिकट परियोजनाओं पर बड़े सरकारी खर्च के



कारण दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। 'केपीएमजी 2024 इंफ्रास्ट्रक्चर एंड ट्रांसपोर्ट सीईओ आउटलुक' रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर के 120 सेक्टर लीडर्स के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर के सीईओ अगले तीन वर्षों में आय और कर्मचारियों की संख्या के मामले में व्यवसाय में वृद्धि की उम्मीद करते हैं।

# भारतीय शेयर बाजार हुआ धड़ाम, सेंसेक्स 984 अंक गिरा, निवेशकों के 6 लाख करोड़ रुपये डूबे

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा गिरावट देखी गई। भारी बिकवाली के कारण निफ्टी और सेंसेक्स दोनों पांच महीने के निचले स्तरों पर पहुंच गए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 984 अंक या 1.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,690 और निफ्टी 324 अंक या 1.36 प्रतिशत 23,559 पर था। गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप करीब 6 लाख करोड़ रुपये कम होकर 430 लाख करोड़ रुपये रह गया है, जो कि कल 436 लाख करोड़ रुपये था। बिकवाली का सबसे अधिक दबाव मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर पर देखा गया।



निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,456 अंक या 2.64 प्रतिशत गिरकर 53,800 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 532 अंक या 2.96 प्रतिशत गिरकर 17,458 पर था। एनएसई के करीब सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। रिल्यटी, इन्फ्रा, ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, मेटल, और पीएसई में सबसे ज्यादा गिरावट थी। सेंसेक्स के 30 में से 27 शेयर लाल निशान में बंद हुए। एमएंडएम, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एलएंडडी टॉप लूजर्स थे। एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और इन्फोसिस गेनर्स थे। पीएल कैपिटल-प्रभुदास लीलाधर के एडवाजरी -प्रमुख, विक्रम कसाट का कहना है कि आज लागातार पांचवा दिन है, जब भारतीय शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली है।

इसकी वजह विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही बिकवाली, बढ़ती महंगाई और खराब कॉरपोरेट आय का होना है, जिसके कारण निवेशकों का आत्मविश्वास हिला हुआ है। चॉइस ब्रोकिंग के अनुसार, निफ्टी में लगातार गिरावट का ट्रेंड जारी है और इस कारण सेंटीमेंट भी नकारात्मक बना हुआ है।

मौजूदा स्तरों को देखते हुए निफ्टी में 23,650 एक बेहद अहम सपोर्ट होने वाला है और अगर यह टूटता है तो 23, 400 के भी स्तर देखने को मिल सकते हैं। ऊपरी स्तरों पर 24,200 एक बड़ी रुकावट का स्तर है। आगे कहा कि बैंक निफ्टी में 50,500 और 50,000 का स्तर एक अहम सपोर्ट है।

अगर यह 52,400 के ऊपर निकलता है तो 52,800 और 53,000 के स्तर तक जा सकता है।

# 'खुदरा बाजारों में और प्याज की आपूर्ति ', कीमतों को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने उठाया कदम



**नई दिल्ली।** प्याज की कीमतों में बेतहाशा तेजी के बीच सरकार ने कहा है कि वह दरों को स्थिर करने के लिए खुदरा बाजारों में बफर स्टॉक से और ज्यादा प्याज बेचेगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 67 रुपये प्रति किलो है। देश में औसत खुदरा कीमत 58 रुपये प्रति किलो है।

## सरकारी अधिकारियों ने दी जानकारी

अधिकारियों के अनुसार त्योहारों के मौसम और मंडियों के बंद होने के कारण पिछले दो-तीन दिनों में कुछ बाजारों में प्याज की आपूर्ति में अस्थायी बाधा आई है। इसे दूर करने के लिए सरकार ने आपूर्ति बढ़ाने का फैसला किया है। नैफेड ने इस सप्ताह दिल्ली-एनसीआर के लिए दो और गुवाहाटी के लिए एक और रैक रवाना किया है।

## सोनीपत कोल्ड स्टोरेज से भेजा जाएगा प्याज

अधिकारी के मुताबिक, रेल और सड़क परिवहन दोनों के जरिये एनसीसीएफ से प्याज की ज्यादा आपूर्ति की जाएगी। सरकार ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली व अन्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए सोनीपत में कोल्ड स्टोरेज में रखे प्याज को उतारने का भी फैसला किया है। 4.7 लाख टन प्याज की खरीद

सरकार ने इस साल मूल्य को स्थिर रखने के लिए 4.7 लाख टन रबी प्याज की खरीद की। इसकी बिक्री पांच सितंबर को 35 रुपये प्रति किलो पर खुदरा बिक्री के साथ-साथ देश भर की प्रमुख मंडियों में थोक बिक्री के माध्यम से शुरू हुई। अब तक, बफर में 1.50 लाख टन से अधिक प्याज नासिक और अन्य केंद्रों से सड़क परिवहन के जरिये ट्रकों के माध्यम से उपभोक्ता केंद्रों तक भेजा गया है।

## घटने लगे हैं टमाटर के दाम

सरकार ने कहा, मंडियों में कीमतों में गिरावट के साथ टमाटर की खुदरा कीमतों में गिरावट आ रही है। आजादपुर मंडी में साप्ताहिक औसत कीमत 27 फीसदी कम होकर 4,000 रुपये प्रति क्विंटल और पिंपलगांव (महाराष्ट्र) में औसत कीमत 35 फीसदी कम होकर 2,250 रुपये प्रति क्विंटल है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

मैं तुम्हारा दर्द समझ सकता हूं...
ऐसा बोलने वालों को भी...
छोटा-मोटा डॉक्टर माना जाना चाहिए...!

---

अगर बिना न्यौता के शादी में जाओ...
तो खाने के स्टॉल के आसपास का...
हर आदमी घर का मालिक ही लगता है...!

---

पप्पू - पति क्या होता है...?
गप्पू - पति वह प्राणी है, जो भूत प्रेत से बेशक न डरे मगर पत्नी की चार मिस्ड कॉल खौफ पैदा करने के लिए काफी है...!

---

मां ने सुरेश को डांटते हुए कहा -
सुरेश, तुम बेहद शरारती हो. देखने में भी बंदर लगते हो...!
सुरेश बोला - लेकिन मां,
पड़ोस वाली आंटी तो कहती हैं कि
तुम बिलकुल अपने पापा की तरह लगते हो...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- 2000 किलोमीटर दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।
- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।
- न्यूक्लीयर रिएक्टरों को ठंडा किया जाए तो सुक्ष्म जिव भी संघर्ष कर सकते है।
- पुरुष में 1000 स्पर्म एक सेकंड में बनते है।
- एक तूफान में 8000 मेगाटन बम के निर्माण जितनी उर्जा होती है।
- सूर्य द्वारा छोड़े गए 800 अरब से ज्यादा न्यूट्रॉन आपके शरीर में से गुजर गये होंगे जब तक आपने यह वाक्य पढ़ा होगा।
- सहारा रेगिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है जो 3500,000 २०. माइल्स में फैला है।
- कुत्ते के सूंघने की क्षमता इंसान से 1000 गुना ज्यादा होती है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# स्मिथ की 'अच्छी खेल योजनाओं' को तोड़ने के तरीके खोज लिए हैं : अश्विन

**नई दिल्ली, 13 नवंबर।** अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में स्टीव स्मिथ के खिलाफ कई मुकाबलों में उनकी अच्छी खेल योजनाओं को तोड़ने के तरीके खोज लिए हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल में उनके समय के दौरान नेट सेशन ने उन्हें ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के खिलाफ तैयारी करने के तरीके के बारे में भी जानकारी दी।



22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में दोनों दिग्गज अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर से जगाने के लिए तैयार हैं। यह जोड़ी 2013 से टेस्ट क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी रही है, जिसमें संघर्षरत स्मिथ को 2020-21 सीरीज की शुरूआत में अश्विन ने दो बार आउट किया था। जब ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में भारत का दौरा किया, तो स्मिथ दो बार अश्विन और तीन बार रवींद्र जडेजा के हाथों आउट हुए।

अश्विन ने 7क्रिकेट को दिए एक इंटरव्यू में कहा, स्टीव स्मिथ स्पिन के खिलाफ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उनके पास अपनी अनूठी तकनीक है, यहां तक कि तेज गेंदबाजी के खिलाफ भी। लेकिन स्पिन के साथ, मुझे लगता है कि वह बेहतरीन गेम प्लान, बेहतरीन तैयारी के साथ आए थे और हाँ, वह इसे अंजाम देते थे। और पिछले कुछ सालों में मैंने इसे तोड़ने के तरीके और साधन खोज लिए हैं। दिल्ली कैपिटल्स में उनका समय, राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स में उनका समय, ये सभी नेट सेशन जो मैंने उन्हें अपने काम के बारे में करते हुए देखे हैं, उनसे मुझे वास्तव में यह समझ में आया कि वह कैसे तैयारी करते हैं और उन्हें क्या पसंद है और क्या नहीं।



**22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी बॉर्डर - गावस्कर सीरीज में स्मिथ और अश्विन अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर से जगाने के लिए तैयार हैं।**

अश्विन ने कहा, वह बहुत ही सोच-समझकर खेलने वाले क्रिकेटर हैं। वह हर समय आप पर हावी होना चाहते हैं। लेकिन उनके पास अभ्यास करने के बहुत ही अनोखे तरीके हैं और बीच में आपके साथ लड़ने के अनोखे तरीके हैं। और कभी-कभी, एक गेंदबाज के तौर पर, जब आप बल्लेबाज को उसकी प्रक्रिया से गुजरते हुए देखते हैं तो आप पहचान जाते हैं कि वह आपके पास है या नहीं।"

स्मिथ बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में मध्य क्रम में वापसी कर रहे हैं, जहां उन्होंने थोड़े समय तक ओपनर के तौर पर खेलने के बाद नंबर 4 पर वापसी की है। डेविड वॉर्नर के रिटायरमेंट के बाद 35 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज ने चौथे नंबर से टेस्ट में ओपनिंग की, लेकिन उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली और उन्होंने 28.50 की औसत से 171 रन बनाए। 105 टेस्ट मैचों में 536 टेस्ट विकेट लेने वाले अश्विन न्यूजीलैंड के स्पिनरों के सामने भारतीय धरती पर मात खाने के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचे हैं। इस बीच, भारतीय दिग्गज खिलाड़ी 2019-2024 के बीच 40 मैचों में 194 विकेट लेकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं "और स्टीव स्मिथ के साथ खेलने के इन वर्षों में कई बार मुझे लगा कि वह मुझ पर हावी हो गए हैं। लेकिन कई बार बहुत बाद में जब मुझे लगा कि मैं समझ गया हूं कि वह क्या करते हैं या कैसे बल्लेबाजी करते हैं, तो मैं उनसे आगे निकल गया। अश्विन ने कहा, मैंने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया है।

कुल मिलाकर, अश्विन ने अब तक 105 मैचों में 24 से कम की औसत से 536 विकेट लिए हैं, जो उन्हें भारत की सर्वकालिक टेस्ट विकेट लेने वाली सूची में दूसरे स्थान पर रखता है, केवल दिग्गज अनिल कुंबले से पीछे, जिन्होंने 619 विकेट लिए हैं।

# कप्तान गुरप्रीत ने संदेश झिंगन की राष्ट्रीय टीम में वापसी की सराहना की

**नई दिल्ली, 13 नवंबर।** जनवरी से चोट के कारण बाहर चल रहे भारत के डिफेंसिव दिग्गज संदेश झिंगन को मलेशिया के खिलाफ मैत्री मैच के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। कप्तान गुरप्रीत सिंह संधू ने उनकी वापसी की सराहना की है और उनकी मौजूदगी की तुलना सुनील छेत्री से की है।




गुरप्रीत ने आईएएनएस को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, ह्व्यक्तिगत रूप से मैं (झिंगन की वापसी से) बहुत खुश हूं क्योंकि मेरे पास अमरिंदर (सिंह) के अलावा कोई और है जिससे मैं बात कर सकता हूं क्योंकि जैसा कि आप जानते हैं कि टीम काफी युवा है और मैं उम्र के मामले में दूसरे नंबर पर हूं। इसलिए उनके जैसा कोई व्यक्ति होना जिससे मैं ड्रेसिंग रूम में बात कर सकूं, मुझे बहुत खुशी देता है।"

उन्होंने कहा, "मैं संदेश की वापसी के लिए भी बहुत आभारी हूं क्योंकि जाहिर तौर पर वह अपने क्लब और राष्ट्रीय टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण स्तंभ है।

मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि वह खुद को स्वस्थ रखे और भारतीय फुटबॉल की मदद करे जैसा कि उसने पहले किया है। वह बहुत अच्छे डिफेंडर हैं और सुनील (छेत्री) भाई की तरह, वह एक पीढ़ी के खिलाड़ी हैं।



**चोट के कारण बाहर चल रहे भारत के डिफेंसिव दिग्गज संदेश झिंगन को मलेशिया के खिलाफ मैत्री मैच के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है।**

झिंगन को सीरिया के खिलाफ भारत के एएफसी एशियाई कप मैच के पहले हाफ के दौरान घुटने में चोट लग गई थी और उन्हें फीफा डब्ल्यूसी क्वालीफायर और 2023/24 आईएसएल अभियान के अंत के साथ-साथ बाकी प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा, जिसमें गोवा तीसरे स्थान पर रहा, आईएसएल शील्ड विजेता मोहन बागान सुपर जायंट्स से सिर्फ तीन अंक पीछे। 31 वर्षीय सेंटर बैक ने एक्शन में वापसी की और वह बेंगलुरु एफसी पर 3-0 की जीत में पूरे 90 मिनट खेले, जो बाद की सीजन की पहली लीग हार थी, और पंजाब एफसी पर 2-1 से जीत दर्ज की, जिसके कारण उन्हें 18 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ मैच के लिए प्रशिक्षण शिविर में बुलाया गया। हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम में मलेशिया के खिलाफ दोस्ताना मैच भारतीय फुटबॉल के लिए निराशाजनक वर्ष का पर्दा होगा।

# आईपीएल 2025 से पहले पार्थिव पटेल गुजरात टाइटन्स के सहायक और बल्लेबाजी कोच बने

**अहमदाबाद, 13 नवंबर।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले गुजरात टाइटन्स (जीटी) का नया सहायक और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी की ओर से एक बयान में कहा गया, गुजरात टाइटन्स को पार्थिव पटेल को अपना नया सहायक और बल्लेबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में 17 साल के शानदार करियर के साथ, पार्थिव टीम में अनुभव और ज्ञान का खजाना लेकर आए हैं।



**फ्रेंचाइजी की ओर से एक बयान में कहा गया, गुजरात टाइटन्स को पार्थिव पटेल को अपना नया सहायक और बल्लेबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।**

आईपीएल में पार्थिव की यात्रा 2008 में शुरू हुई, जब उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ अपनी शुरूआत की। पिछले कुछ वर्षों में, वह लीग के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं, जिन्होंने 139 मैचों में भाग लिया और 22.60 की औसत से 2,848 रन बनाए। बल्ले से उनकी निरंतरता में 13 अर्धशतक शामिल हैं, जिसमें 81 रन का सर्वोच्च स्कोर है, साथ ही 365 चौके और 49 छक्के भी शामिल हैं।

पार्थिव चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु सहित कई आईपीएल टीमों के लिए भी खेल चुके हैं। वह दो बार के आईपीएल चैंपियन भी हैं, जिन्होंने सीएसके और एमआई के साथ खिताब जीते हैं। अपने खेल करियर से परे, पार्थिव ने तीन सत्रों के लिए मुंबई इंडियंस के लिए एक टैलेंट स्काउट के रूप में काम किया है। उन्होंने 2023 में मुंबई एमिरेट्स के लिए बल्लेबाजी कोच की भूमिका भी निभाई।

पार्थिव ने भारत के लिए 25 टेस्ट, 38 वनडे और कुछ टी20 मैच खेले हैं। घरेलू क्रिकेट में, उन्होंने गुजरात के लिए 194 प्रथम श्रेणी मैचों में भाग लिया, जिसमें 11240 रन बनाए।

# पाकिस्तान के तेज गेंदबाज अफरीदी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में फिर बने NO1




**दुबई, 13 नवंबर ।** पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने आईसीसी पुरुष वनडे गेंदबाज रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है, यह स्थान उन्होंने पिछले साल भारत में हुए क्रिकेट विश्व कप के दौरान हासिल किया था।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान की विजयी श्रृंखला में अफरीदी के हालिया प्रदर्शन ने उन्हें एक बार फिर शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद की, जहां उन्होंने तीन मैचों में 12.62 के प्रभावशाली औसत से आठ विकेट लिए।

अफरीदी की यह बढ़त रैंकिंग में फेरबदल के हिस्से के रूप में आई है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर



केशव महाराज तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं और अफगानिस्तान के राशिद खान दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।



अफरीदी का मैदान पर दबदबा, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में अग्रणी स्थान के साथ मिलकर पाकिस्तान को एकमात्र टीम बनाता है जिसके पास वनडे बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में नंबर 1 रैंक वाला खिलाड़ी है। बाबर, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ. एक आउट के साथ 80 रन बनाए, शीर्ष बल्लेबाज रैंकिंग पर बने हुए हैं। अफरीदी अकेले पाकिस्तानी गेंदबाज नहीं थे, जिन्होंने तरक्की की। हारिस राउफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज के प्रदर्शन के बाद अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर पहुंचकर रैंकिंग में तरक्की की। नसीम शाह ने भी अपने करियर की नई ऊंचाई हासिल की, वे 14 पायदान चढ़कर 55वें स्थान पर पहुंच गए।

इसके अलावा, पाकिस्तान के नए वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के बाद बल्लेबाजी चार्ट में 23वें स्थान पर पहुंच गए। इस बीच, बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो 11 पायदान चढ़कर वनडे बल्लेबाजों में 23वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई अपनी स्थिति में सुधार करते हुए 31वें स्थान पर पहुंच गए।

# भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की प्रतिक्रिया से हैरान नहीं हैं रिकी पोंटिंग

**नई दिल्ली, 13 नवंबर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज से पहले विराट कोहली के फॉर्म के बारे में उनकी टिप्पणियों पर भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की प्रतिक्रिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है, और कहा है कि वह गंभीर की प्रतिक्रिया से हैरान नहीं हैं, उन्होंने उन्हें उग्र स्वभाव का व्यक्ति कहा है।

पिछले सप्ताह आईसीसी रिव्यू के एपिसोड के दौरान, पोंटिंग ने कोहली के फॉर्म पर चिंता जताते हुए कहा था, मैंने दूसरे दिन विराट के बारे में एक आंकड़ा देखा, जिसमें कहा गया था



कि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में केवल दो (तीन) टेस्ट शतक बनाए हैं। यह मुझे सही नहीं लगा, लेकिन अगर यह सही है, तो यह चिंता का विषय है।

प्रस्थान से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पोंटिंग की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर गंभीर ने पलटवार करते हुए कहा, रिकी पोंटिंग का भारतीय



**गौतम गंभीर ने पलटवार करते हुए कहा, रिकी पोंटिंग का भारतीय क्रिकेट से क्या लेना-देना है? उन्हें ऑस्ट्रेलिया के बारे में बात करनी चाहिए।**

क्रिकेट से क्या लेना-देना है? उन्हें ऑस्ट्रेलिया के बारे में बात करनी चाहिए।

भारत के मुख्य कोच को नाराज करने वाली अपनी टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण देते हुए पोंटिंग ने कहा, मैंने कहा था कि मैं (उनके फॉर्म को लेकर) चिंतित रहूंगा। लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप विराट से पूछेंगे, तो मुझे यकीन है कि विराट थोड़ा चिंतित होंगे कि वह पिछले सालों की तरह शतक नहीं बना पाए हैं।

उन्होंने कहा, यह किसी भी तरह से उन पर कटाक्ष नहीं था। मैंने वास्तव में यह कहकर इसका अनुसरण किया कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अच्छा खेला है और वह यहां वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। इसलिए, यह आश्चर्यजनक है कि कैसे छोटी-छोटी चीजें कट जाती हैं, लेकिन वह एक क्लास खिलाड़ी हैं और उन्होंने अतीत में ऑस्ट्रेलिया में अच्छा खेला है।"

ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने आगे कहा कि वह अपनी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया से थोड़ा हैरान थे, लेकिन गंभीर से ऐसी ही उम्मीद की जा सकती थी। पोंटिंग ने कहा, मैं प्रतिक्रिया पढ़कर हैरान था, लेकिन कोच गौतम गंभीर को जानता हूं... वह काफी उग्र स्वभाव के हैं, इसलिए मुझे आश्चर्य नहीं हुआ कि उन्होंने ही कुछ कहा।



# एटीपी फाइनल्स: जानिक सिनर ने फ्रिट्ज को हराया

**ट्यूरिन, 13 नवंबर।** विश्व के नंबर 1 जानिक सिनर की एटीपी फाइनल्स ट्रॉफी के साथ अपने शानदार सत्र का समापन करने की तलाश जारी रही, क्योंकि शीर्ष वरीय खिलाड़ी ने टेलर फ्रिट्ज पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की, जिससे इली नास्तासे ग्रुप में उनकी 2-0 की बढ़त हो गई।



फ्रिट्ज ने प्रतियोगिता के शुरूआती चरणों में सिनर को कड़ी टक्कर दी। हालांकि, इतालवी ने एक घंटे, 40 मिनट की जीत दर्ज करने के लिए आवश्यक होने पर अपना खेल का स्तर बढ़ाया, जिससे जोड़ी की एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 3-1 का सुधार हुआ।

सिनर, जो 2024 के अपने आठवें टूर-लीडिंग खिताब की तलाश में हैं, अब एक भी सेट नहीं हारने के कारण ग्रुप से आगे बढ़ने की प्रबल दावेदारी में हैं। वह गुरुवार को चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव से भिड़ने पर इली नास्तासे ग्रुप में अपने 2-0 के शानदार रिकॉर्ड को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

फ्रिट्ज, जो 1-1 पर हैं, का लक्ष्य दूसरी बार (2022) सेमीफाइनल में पहुंचने के अपने प्रयास में एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ एक महत्वपूर्ण जीत हासिल करना है।

सिनर पिछले साल ट्यूरिन में फाइनल में पहुंचे थे। बारह महीने बाद इटालियन एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी के रूप में लौटे, 2024 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन में मेजर जीते।युगल में, पूर्व चैंपियन वेस्ले कूलहॉफ और निकोला मेकटिक की जोड़ी ने प्रतिष्ठित सीजन के फाइनल्स में शुरूआती हार से वापसी करते हुए दूसरे वरीय मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस को 4-6, 7-6(6), 10-8 से हराकर मैच पॉइंट बचाया।

डच-क्रोएशियाई जोड़ी ने मैच के अंतिम चरण में अपना संयम बनाए रखा और माइक ब्रायन ग्रुप में 1-1 की बराबरी कर ली। कूलहॉफ और मेकटिक की मैच टाई-ब्रेक जीत ने सुनिश्चित किया कि हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन ट्यूरिन में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गए। हेलियोवारा और पैटन ने इससे पहले एटीपी फाइनल्स में अपने पदार्पण मैच में पर्सेल और थॉम्पसन को 7-6(3), 7-5 से हराकर 2-0 की बढ़त हासिल की।

# विटोरी आईपीएल नीलामी के कारण पर्थ टेस्ट से चूक सकते हैं: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 13 नवंबर।** ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच डेनियल विटोरी 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से चूक सकते हैं, क्योंकि सीरीज का पहला मैच 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दाह में होने वाली आईपीएल की मेगा नीलामी से टकरा रहा है।

ऑस्ट्रेलियाई अखबार 'द एज' की रिपोर्ट के अनुसार, सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच विटोरी संभवतः पहले टेस्ट के समापन के समय ऑप्टस स्टेडियम में होने के बजाय जेद्दाह में आईपीएल की मेगा प्लेयर नीलामी में भाग लेने के लिए सऊदी अरब में होंगे।


ऑस्ट्रेलिया के लिए, डैन विटोरी की संभावित अनुपस्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। विटोरी ऑस्ट्रेलियाई कोचिंग सेटअप के एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं और मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के भरोसेमंद डिप्टी हैं।

रिपोर्ट में अपने सूत्र के हवाले से



**ऑस्ट्रेलिया के लिए, डैन विटोरी की संभावित अनुपस्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। विटोरी ऑस्ट्रेलियाई कोचिंग सेटअप के एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं और मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के भरोसेमंद डिप्टी हैं।**

कहा गया है, इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है कि विटोरी पूरे टेस्ट के दौरान टीम के साथ रहेंगे या नीलामी के लिए जल्दी चले जाएंगे।



विटोरी के अलावा, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग, जो पंजाब किंग्स के मुख्य कोच हैं और जस्टिन लैंगर, जो लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच हैं, आईपीएल 2025 की नीलामी के कारण पहले टेस्ट के लिए अपनी कमेंट्री ड्यूटी से चूक सकते हैं।

पिछले साल, जब पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख थे, तो वे 2023 पर्थ टेस्ट के तीसरे दिन नीलामी में भाग लेने के लिए चले गए थे। हालांकि, लैंगर टेस्ट के अंत तक रुके रहे, जबकि विटोरी ने पिछले साल की नीलामी में जाने से पहले ऑस्ट्रेलिया के साथ अपने कर्तव्यों को पूरा किया, जो पर्थ टेस्ट के दो दिन बाद आयोजित की गई थी।

# मैं उस टीम में खेलना चाहता हूं, जहां मुझे स्वतंत्रता और सम्मान मिले : राहुल

**नई दिल्ली, 13 नवम्बर।** अनुभवी बल्लेबाज के एल राहुल ने कहा है कि वह एक ऐसे संतुलित माहौल में खेलना चाहते हैं, जहां उन्हें पूरी स्वतंत्रता के साथ खेलने का मौका मिले। साथ ही आरसीबी में शामिल होने को लेकर भी राहुल ने अपनी राय रखी है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने राहुल को रिलीज कर दिया था और अब वह मेगा नीलामी का इंतजार कर रहे हैं।

कुछ समय पहले ही लखनऊ फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका ने उन खिलाड़ियों को टीम में रिटेन करने की इच्छा जताई थी जिनके पास जीतने की मानसिकता हो और जो अपनी व्यक्तिगत आकांक्षाओं और लक्ष्यों से पहले टीम को महत्व दें। क्या इस बयान ने किसी तरह राहुल की नीलामी में जाने की इच्छा को प्रेरित किया?

इस सवाल के जवाब में राहुल ने 12 नवंबर को स्टार स्पोर्ट्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा, नहीं, मुझे लगता है निर्णय पहले ही लिया जा चुका था और मुझे नहीं पता कि उस बयान में क्या कहा गया था, लेकिन यह शायद रिटेंशन की घोषणा के बाद ही आया होगा। मुझे लगा कि मैं एक नई शुरूआत करना चाहता हूं, अपने विकल्पों को तलाशना चाहता हूं और वहां खेलना चाहता हूं, जहां मुझे थोड़ी स्वतंत्रता मिले और टीम का माहौल अधिक संतुलित हो।"



आईपीएल में पहले से ही बहुत दबाव होता है। आप गुजरात टाइटंस, चेन्नई सुपर किंग्स और अन्य टीमों को देखते हैं तो ऐसा साफ दिखता है कि जब वे जीतते या हारते हैं तो उनका संतुलन बना रहता है और ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत शांत होता है। एक खिलाड़ी के रूप में यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि अगर ऐसा माहौल हो, तो सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का सबसे अच्छा मौका मिलता है।"

राहुल ने कहा, "न कप्तानी मेरे लिए उतना भी जरूरी नहीं है कि इसी से आगे की सारी चीजें तय हों। मैं बस एक ऐसी टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं जिसमें अच्छा वातावरण हो। जहां आपको प्यार, देखभाल और सम्मान मिले और उस वातावरण में फ्रेंचाइजी के हर व्यक्ति का एक ही लक्ष्य हो - जीतना। अगर ऐसा है तो वह मेरे लिए एक आदर्श स्थिति होगी।"

# मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के भतीजे मोहित त्यागी का शुभ विवाह दिल्ली में धूमधाम से संपन्न हुआ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के पौत्र और गिरीश त्यागी के सुपुत्र मोहित त्यागी के विवाह समारोह में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लें भी शामिल हुए।




## फूल वाले पार्षद जी मैं 500 रूपये देकर अपनी गाय छुड़ा भी लाया

सरकार रिपीट हो गई और बाबा भी दूसरी बार सीएम हैं लेकिन ना सुनने का स्यापा वो ही चल रहा है। सुनी ना तब गई और ना अब जा रही है बस इतना है कि फूल वाले जनप्रतिनिधियों की रही सही इज्जत भी मौहल्ले में जा रही है। किस्सा गाय से जुड़ा है और किस्से में निगम के अफसर, मेयर और पार्षद भी गाय के साथ शामिल हैं। निगम वाले सड़क के कुत्ते पकड़े न पकड़े लेकिन दूध वाली गाय जरूर पकड़ कर ले जाते है और मोटा जुर्माना वसूल करने के बाद ही गाय रिहा हो पाती है। इस वाली गाय को तब पकड़ कर ले गये जब गाय मालिको के यहां गमी हो गई थी। मौहल्ला पार्षद ने मामला सुना तो उन्होने काऊ वाले त्रिपाठी को फोन मिलाया। त्रिपाठी ने पढ़ाये पहाड़े तो फूल वाले मेंबर भी इधर से दहाड़े और पूछ लिया कि गाय का रूल ये है तो डाग्स एंड कैट की नसबंदी हो रही है या नही। इस सवाल के संभावित बवाल पर डिफेंसिव मोड में आते हुये कहा गया कि कल सुबह गाय छूट जायेगी। लेकिन सुबह तो त्रिपाठी बदल गये और मना कर दिया। कह दिया कि बड़ी मैडम का आदेश है और ये सुनते ही फूल मेंबर ने बड़ी मैडम को फोन मिला लिया। पता चला कि उन्होने तो उस वाली गाय के लिये कहा ही नही। फिर सीन में उधान वाले आ गये उन्होने भी कुत्ते बिल्ली के रूल बताये गये तो गाय रिहा करने पर वो राजी हुये। लेकिन असली धमाल तो तब हुआ जब फूल वाले पार्षद ने इस हां को अपनी जीत माना और गाय वालें मालिक को फोन किया और कहा कि मैने तुम्हारी लड़ाई लड़ी है और जाकर अपनी गाय ले आओ। गाय वाले ने जो कहा वो गजब था। उसने कहा कि पार्षद जी वो गाय तो मैने 500 रूपये देकर छुड़ा भी ली। पार्षद को यकीन नही हुया तो गाय वाले ने कहा कि आकर देख लो गाय का दूध भी दुह लिया है। वो एक हजार मांग रहे थे बाद में पांच सौ में सेटलमेंट हो गया। सरकार के पार्षद की बात कुछ भी नही और ग्वाले ने गाय अपनी 500 रूपये में छुड़वा भी ली साहब।

## हाथी इसी बात से गदगद है इस बात से कि फूल ने मुकाबला माना है

हाथ से साईकिल का सफर तय करने के बाद लाला जी अब हाथी पर बैठ गये हैं। वैसे भी साईकिल वालों ने जब से सिबंल देने के बाद लाला जी का दिल तोड़ा था उसी दिन से लाला जी ने साईकिल को छोड़ा था। हाथी वाले इस मामले में फेस से ज्यादा सूटकेस को वजन देते हैं। उनके यहां तो सूटकेस हल्का रह गया तो केस भारी लगने लगते हैं फूल वालों की रणनीति है डीएम को तितर बितर करना। लिहाजा चक्रव्यूह प्लान के तहत भगवा कमांडर ने कहा कि हमारा तो मुकाबला ही हाथी से हैं और सुना है कि उसी दिन से हाथी इस बात से गदगद है कि चलो मुकाबले में तो आये। जो हाथी लोकसभा में जीरो है और विधानसभा में सिगंल है उस हाथी की बुद्दि में ये बात नही आ रही कि ये फूल वाले तुम्हे मुकाबले में क्यों बता रहे हैं। हाथी भले ही गदगद हो मगर वो एकदम चौकस है जिनकी डीएम जुगलबंदी से फूल बैचेन हैं। वो जानते हैं कि मुकाबला किससे है।

## क्यों भड़क जाते हैं परिवहन व्यवस्था संभाल रहे सहकारिता मैन

उन्होने लाईफ भर पालिटिक्स ही की हैं। उनकी जॉब भले ही सरकारी रही लेकिन नेतागिरी तो कर्मचारी वाली वेस्ट यूपी लेवल पर की है। अब वो फूल वालों के सहकारिता मैन हैं। प्रकोष्ठ से लेकर क्रय विक्रय तक उनका ही जलवा है। वो कमांडर के भरोसमंद चेहरों में शुमार होते हैं तभी तो उन्हे वाहन व्यवस्था दी गई है। मगर फूल वाले भी कम नही है और वो जानते है कि कौन सी बात पर उनका पारा हाई हो जायेगा। तफरी ही सही लेकिन उस बात का जिक्र होते ही सहकारिता मैन एकदम एंग्री मैन हो जाते हैं। फूल वाले भी दायें से बायें से उसी किस्से को छेड़ते हैं और फिर फुल आनंद लेते हैं। किस्सा क्या है ये लिखा नही जायेगा और जिसे जानना हो वो फोन पर सीधे सहकारिता वालों से ही जान सकता है। सहकारिता वाले पहले चार सुनायेगें फिर किस्सा बतायेगें।

## गाजियाबाद की बिजली से दिल्ली में रैपिड रेल का ट्रायल रन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर साहिबाबाद से आगे दिल्ली की दिशा में नमो भारत ट्रेनों का ट्रायल रन किया जा रहा है। दिल्ली के आनंद विहार और न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन परिचालन हेतु तैयार हो रहे हैं। फिलहाल गाजियाबाद रिसीविंग सब स्टेशन (आरएसएस) से 33 केवी क्षमता वाली केबल आनंद विहार और न्यू अशोक नगर स्टेशन तक टनल के माध्यम से पहुंचाई गई है और इन स्टेशनों पर स्थापित सहायक (ऑग्जिलियरी) सब-सटेशनों (एएसएस) को 33 केवी की क्षमता पर चार्ज कर दिया गया है, जिससे स्टेशन की विद्युत प्रणाली, एएफसी सिस्टम और अन्य तकनीकी कार्यों के लिए विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। गाजियाबाद आरएसएस से दिल्ली खंड को बिजली की आपूर्ति एक अस्थायी प्रावधान है। आने वाले समय में दिल्ली सेक्शन को विद्युत आपूर्ति सराय काले खां रिसीविंग सब स्टेशन (आरएसएस) से की जाएगी, जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।




## सिटी वालों की फिर बढ़ेगी अटेंशन व टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आने वाले दिनों में फिर अटेंशन बढ़ेगी तो टेंशन होने की बात की जा रही है। बताया जा रहा है कि 16 नवंबर को सुबह पहले काले कोर्ट वालों का महासम्मेलन है और फिर मुख्यमंत्री के रोड शो को लेकर सुरक्षा का फूल प्रूफ इंतजाम करना होगा। शाम चार बजे के आसपास रोड शो की शुरूआत का समय है, जो खत्म होते-होते अंधेरे वाले सीन में तब्दील हो जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने बताया है कि मुख्यमंत्री के रोड शो की वजह से एक-एक स्थान, एक-एक पॉइंट और एक-एक छत पर पुलिस की नजरें और पहरा रहेगा। इसके साथ ही नदियापार से लेकर लाइनपार के इलाके को अभेद किले के रुप में बनाया जाएगा। सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त भी होने हैं। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के




सिटी जोन वालों के टेंशन एक बार फिर बढ़ाने वाली है। हालांकि पुलिस के बेहद विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि बुधवार को कमिश्नरेट में शीर्ष अधिकारियों की मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर गुप्त वाली बैठक हो गई है। इसमें तमाम व्यवस्थाओं और इंतजमतों पर चर्चा हो गई है। इसके साथ ही अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। बताया जा रहा है कि रोड शो वाले दिन इलाके वाले एसीपी से लेकर डीसीपी को सबसे ज्यादा पसीना बहाना होगा। वहीं सिटी जोन के लिए शनि का दिन कितना शुभ और अशुभ रहता है यह शनिवार की शाम डिसाइड करेगी। वहीं अभी तक के जो हाल हैं उससे लग रहा है कि सुबह वकीलों का महासम्मेलन होना है और शाम को मुख्यमंत्री का रोड शो रोड शो लाइन पार के उस इलाके में है जो बेहद मिश्रित आबादी वाला होने के साथ ही शरारती तत्वों वाला इलाका है। वहीं बताया जा रहा है कि लखनऊ वाली टीम और कई जनपदों के आईपीएस अधिकारी आने वाले एक से दो दिन के अंदर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में ही डेरा डाल लेंगे। इसके बाद वह पूरे रूट का प्लान और प्लानिंग करेंगे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में सिटी जोन की आने वाले कुछ दिनों अभी टेंशन और अटेंशन बढ़ाने वाली स्थिति बनी रहेगी। उधर सूत्र कह रहे हैं कि चुनावी सीजन के बाद क्या होगा अभी तय नहीं है पर देखना होगा कि पूरा आयोजन कैसा होता है और सब कुछ इजी निपटता है या नहीं।

## हापुड़ में आश्रम में निकला अजगर
## वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू



**हापुड़ करंट क्राइम।** गढ़मुक्तेश्वर तीर्थ नगरी के ब्रजघाट स्थित एक आश्रम में 15 फीट लंबा अजगर निकलने से भगदड़ मच गई, पेड़ पर अजगर को देख लोग सहम गए। आश्रम के लोगों ने बताया कि पेड़ से अजीब तरीके की आवाज आ रही थी। पास जाकर देखा तो वहां अजगर लटक रहा था। इसके बाद आश्रम के लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। टीम ने अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ब्रजघाट पर साधना आश्रम है। जहां आश्रम के अंदर लगे पेड़ पर बैठे करीब 15 फीट अजगर को देखकर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। अजगर अपने शिकार की तलाश में आश्रम की दीवार से पेड़ पर चढ़ रहा था, जैसे ही वहां मौजूद लोगों की नजर अजगर पर पड़ी तो अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने मामले की जानकारी गढ़ वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद विशालकाय अजगर का रेस्क्यू किया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### क्या बोले अफसर

गढ़मुक्तेश्वर के वन क्षेत्राधिकार करण सिंह ने बताया कि आश्रम में अजगर निकालने की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे और अजगर को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया है।

## हापुड़ बार का चुनाव शुरू, 15 पदों पर 30 प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव, 1176 मतदाता शामिल



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में बार एसोसिएशन की 2024-25 कार्यकारिणी के लिए बुधवार सुबह आठ बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू हुआ। कुल 1047 मतदाता 15 पदों के लिए खड़े 30 प्रत्याशियों को वोट देंगे। इससे पहले मंगलवार को 129 टेंडर वोट डाले गए थे। प्रत्याशी अपनी जीत के दावे करते नजर आ रहे। बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी में कुल 21 पद हैं। जिनमें से कनिष्ठ सदस्य के 6 पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए हैं। अब 15 पदों के लिए 30 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हो रहा है। चुनाव अधिकारी संदीप कुमार त्यागी और सहायक चुनाव अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि कुल 1176 मतदाता इस चुनाव में भाग लेंगे। बुधवार का मतदान शाम 5 बजे तक चलेगा। सुबह से ही अधिवक्ताओं की भीड़ जुटी हुई थी। जहां हर कोई अपने प्रत्याशी के लिए वोट मांगता दिखा। इस दौरान पुलिस ने भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। परिणाम गुरुवार को आएंगे, सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। नतीजे घोषित होने तक जारी रहेगी। प्रत्याशी अपनी जीत के दावे करते नजर आ रहे हैं।

## नोएडा में 23 रूट पर नंबर से चलेंगे ऑटो
## पुलिस कमिश्नर ने रूट चार्ट व नंबर देकर किया रवाना, मुसाफिर को नहीं होगी दिक्कत



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में अब 23 रूट पर नंबर से ऑटो संचालित किए जाएंगे। इसकी शुरूआत बुधवार को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने की। यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए ऐसा किया गया। उन्होंने ऑटो चालक को रूट चार्ट और रूट नंबर दिए। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि ऑटो चालकों, ई-रिक्शा चालक व परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर आपसी सहमति के आधार पर रूट का निर्धारण किया गया है। जिससे ऑटो चालकों, ई-रिक्शा चालकों व आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।

बता दे रोजाना हजारों लोग इन ऑटो, ई रिक्शा से अपने गंतव्य को जाते है। रूट चार्ट नहीं होने से सवारियों को लेने के लिए ऑटो और ई रिक्शा एक स्थान पर जमावड़ा लगा देते थे। जिससे यातायात जाम की समस्या होती थी। ऐसे में सभी से बातचीत करके रूट चार्ट बनाया गया। यातायात माह में ऑटो चालाक को नंबर और चार्ट देकर रवाना किया गया।

### कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में संचालित ऑटो/ई-रिक्शा का निर्धारित रूट चार्ट

- रूट नम्बर 101- सेक्टर 37 से झुण्डपुरा वाया सेक्टर 15 गोलचक्कर
- रूट नम्बर 102- सेक्टर 37 से कालिंदी कुंज
- रूट नम्बर 103-सेक्टर 37 से सेक्टर 125 अमेठी
- रूट नम्बर 104-अट्टापीर से सेक्टर 37 वाया रायरेजीडेंसी, एलीवेटिड के नीचे से सेक्टर 28
- रूट नम्बर 105-मॉडल टाउन से सेक्टर 37 तक वाया होशियारपुर
- रूट नम्बर 106-मॉडल टाउन से सेक्टर 15 गोलचक्कर वाया सेक्टर 12/22
- रूट नम्बर 107-सेक्टर 12/22/56 से सूरजपुर वाया सेक्टर 49, भंगेल, कुलेसरा
- रूट नम्बर 108-छिजारसी से पर्थला गोलचक्कर वाया गढी गोलचक्कर
- रूट नम्बर 109-छिजारसी से सेक्टर 62 मेट्रों वाया एबीसीडी चौक
- रूट नम्बर 110-सेक्टर 52 मेट्रों से एकमूर्ति गोलचक्कर वाया किसान चौक
- रूट नम्बर 111-सेक्टर 52 मेट्रों से बिसरख हनुमान मंदिर
- रूट नम्बर 112-सेक्टर 52 से बरौला टी-प्वाइन्ट
- रूट नम्बर 113-बरौला से मॉडल टाउन वाया सेक्टर 61, 59
- रूट नम्बर 114-किसान चौक से तिगरी गोलचक्कर वाया गौर सिटी-2
- रूट नम्बर 115-किसान चौक से एबीएस वाया इटेहडा गोलचक्कर, शाहबेरी
- रूट नम्बर 116-किसान चौक से सूरजपुर वाया बिसरख हनुमान मंदिर गोलचक्कर
- रूट नम्बर 117-भंगेल से सेक्टर 135 वाया जेपी अस्पताल, सेक्टर 127, 128, 93
- रूट नम्बर 118-सुत्याना तिराहा से चौगानपुर वाया ग्राम हबीबपुर
- रूट नम्बर 119-कुलेसरा से जलपुरा
- रूट नम्बर 120-कुलेसरा हिण्डन पुल से नयी बस्ती
- रूट नम्बर 121-दादरी से सूरजपुर वाया तिलपता
- रूट नम्बर 122-कासना से सूरजपुर वाया परी चौक
- रूट नम्बर 123- गलगोटिया से परी चौक वाया आईएफएस विला गोल चक्कर

## एनएमआरसी ने स्टार्टअप के लिए ला रहा कॉमर्शियल स्पेस
### टेंडर नहीं 'फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व' पर होगा आवंटन, 15 दिन में आएगी योजना

**दो स्लैब 5 मीटर और 1 से 10 मीटर तक का स्पेस स्टार्टअप के लिए दिया जाएगा। ये स्पेस मेट्रो स्टेशन पर दिया जाएगा। इसके लिए आवंटी को 1.5 से 5 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से किराया देना होगा। 5 साल तक इसे चला सकेगा।**



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा मेट्रो की शॉट टर्म पॉलिसी में किए गए बदलाव के बारे में जानकारी देते एनएमआरसी के एक्जुकेटिव डायरेक्टर महेंद्र प्रसाद व अन्य अधिकारी नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने अपने शार्ट टर्म पालिसी में बदलाव किया है। अब आवंटन टेंडर के जरिए नहीं बल्कि फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व के आधार पर किया जाएगा। ऐसा स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। इससे रेवेन्यू भी जनरेट किया जाएगा। एनएमआरसी के एक्जुकेटिव डायरेक्टर महेंद्र प्रसाद ने बताया कि स्टार्टअप को बढ़ाना देने के लिए एनएम आरसी अपने 21 मेट्रो स्टेशन पर स्कीम लेकर आ रही है।

इसके तहत दो स्लैब 5 मीटर और 1 से 10 मीटर तक का स्पेस स्टार्टअप के लिए दिया जाएगा। ये स्पेस मेट्रो स्टेशन पर दिया जाएगा। इसके लिए आवंटी को 1.5 से 5 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से किराया देना होगा। 5 साल तक इसे चला सकेगा। रिव्यू करने के बाद इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए आवेदन कर्ता का सलाना टर्न ओवर करीब 5 लाख रुपए तक होना चाहिए। ताकि वे इसे संचालित कर सके।

### स्टार्टअप से जनरेट होगा 4.50 करोड़

उन्होंने बताया कि इससे महीने का 4.50 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट होगा। 15 दिन के अंदर पालिसी को पब्लिक डोमेन में डाल दिया जाएगा। इससे पहले आवंटन प्रक्रिया टेंडर के जरिए की जाती थी। इसे समाप्त कर दिया गया है। यहां एक व्यक्ति को एक ही स्पेस आवंटित किया जाएगा। दूसरा नहीं इसके लिए फार्म की स्कूटनी भी की जाएगी।

### मेट्रो पिलर पर होगा विज्ञापन

रेवेन्यू जनरेट करने के लिए मेट्रो पिलर पर भी विज्ञापन किया जा सकेगा। ये प्रक्रिया प्रोसेस में है। एनएम आरसी के अल्फा-1 मेट्रो स्टेशन पर कॉमर्शियल स्पेस के लिए छह एजेंसियां आई है। इसके अलावा स्टेशन के स्टीयर और इंडोर स्टेशन पार्ट पर भी विज्ञापन के लिए बिड प्रकिया की गई है। परिचौक पर कॉमर्शियल एक्टिविटी की जाएगी। साथ ही सेक्टर-101,81 और 83 में भी कॉमर्शियल स्पेस से रेवेन्यू जनरेट किया जाएगा।

### स्टेशनों की को ब्रांडिंग

नोएडा के 21 स्टेशनो की को ब्रांडिंग कराई जाएगी। इसमें पहले से कई मेट्रो स्टेशन पर को ब्रांडिंग के जरिए रेवेन्यू जनरेट किया जा रहा है। इसकी प्रक्रिया की जा रही है।

# दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की लिस्ट में टॉप-2 पर भारत-पाकिस्तान का नाम

**नईदुनिया ।** भारत समेत दुनिया के अलग-अलग शहरों में लोगों को वायु प्रदूषण की वजह से सांस लेने में तकलीफ का सामना कर रहा है। दुनिया के सबसे प्रदूषित 121 देशों की सूची में भारत के तीन शहर हैं। इसमें राजधानी दिल्ली, कोलकाता और मुंबई है। स्विस फर्म आईक्यूएयर की लाइव रैंकिंग में 13 नवंबर को राजधानी दिल्ली पहले नंबर पर है। आईक्यूएयर की लाइव रैंकिंग देखने से पता चलता है कि 515 एक्यूआई के साथ दिल्ली पूरी दुनिया में सबसे प्रदूषित शहर है। हालांकि, भारत में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फबारी के बाद मैदानी इलाकों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।



आमतौर पर प्रदूषण का स्तर एयर क्वालिटी इंडेक्स या एक्यूआई के रूप में मापा जाता है। विदेशी मानकों के अनुसार 200 से अधिक एक्यूआई बहुत खराब स्तर का माना जाता है और 300 का स्तर गंभीर रूप से खराब स्थिति को दशार्ता है। अगर 0-50 के बीच में एक्यूआई का स्तर रहता है तो इसे अच्छा माना जाता है। 51-100 पाया गया तो मध्यम और 101-150 के बीच मिला तो संवेदनशील समूहों के लिए खराब हवा मानी जाती है। वहीं, 151 से 200 अगर एयर क्वालिटी इंडेक्स मिला तो ये खतरनाक होता है। इसके अलावा, 201-300 पाए जाने पर बहुत खतरनाक और अगर प्रदूषण स्तर 301 से अधिक पाया गया तो यह बहुत-बहुत खतरनाक है।

### भारत के इन शहरों की हवा भी खतरनाक

रैंकिंग में 10वें स्थान पर 158 एक्यूआई के साथ मुंबई शहर है। उसके बाद कोलकाता का नंबर आता है, जहां एक्यूआई 136 रिकॉर्ड किया गया। आईक्यूएयर की लाइव रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान का शहर लाहौर है।

यहां का एक्यूआई 432 है। वहीं, पड़ोसी देश का कराची शहर भी इस सूची का हिस्सा बना है। उसे 147 एक्यूआई के साथ 14वें नंबर पर रखा गया है।

**तीसरे नंबर पर कौन से देश का शहर? :** प्रदूषित शहरों में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के किंशासा को तीसरे नंबर पर रखा गया है। यहां का एक्यूआई 193 दर्ज किया गया है। वहीं, मिस्र के काहिरा को 184 की एक्यूआई के साथ चौथा स्थान मिला है। वहीं, आईक्यूएयर की वर्ल्ड लाइव रैंकिंग में पांचवें स्थान पर वियतनाम की राजधानी हनोई है। यहां का एक्यूआई लेवल 168 है। रैंकिंग में छठवें स्थान पर कतर देश का दोहा शहर है। यहां का एक्यूआई लेवल 166 है। इसके अलावा, सातवें नंबर पर सउदी अरब के रियाद को रखा गया है। इंडेक्स में आठवें स्थान पर नेपाल की राजधान काठमांडू है, जहां का एक्यूआई लेवल 160 है।

# गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में वायुसेना के जवान को 15 साल की सजा

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में गोपनीय दस्तावेजों के लीक होने का मामले लगातार चचाओं में हैं। अब दस्तावेजों को लीक करने की बात स्वीकार करने वाले अमेरिकी वायुसेना के एक जवान को 15 साल की जेल की सजा मिली है।



### खतरनाक साजिश रची थी

जैक टेक्सेरा ने मैसाचुसेट्स एयर नेशनल गार्ड के साथ आईटी विशेषज्ञ के रूप में सेवा करते हुए एक दशक में सबसे महत्वपूर्ण जानकारी को लीक करने की खतरनाक साजिश रची। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म डिस्कॉर्ड पर पेंटागन के संवेदनशील दस्तावेजों को साझा किया था। इसके बाद ये दस्तावेज इंटरनेट पर वायरल हो गए थे।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वायु सेना के जवान टेक्सेरा ने सजा सुनाए जाने से पहले अदालत से कहा, 'मैं यह कहना चाहता हूं कि मैंने जो भी नुकसान पहुंचाया और जो मैंने किया उसके लिए मुझे बहुत खेद है। मुझे नहीं लगता मैं सच में यह बता पाऊंगा कि मैं कितना दुखी हूं।'

**पिछले साल किया था गिरफ्तार :** बता दें, अदालत में जैक टेक्सेरा के परिवारजन भी मौजूद थे। जवान को पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था।

वहीं, इस साल मार्च में राष्ट्रीय रक्षा जानकारी को जानबूझकर इकट्ठा करने और प्रसारित करने के छह संघीय मामलों में दोषी ठहराया गया था।

जिस समय टेक्सेरा ने अपराध किया था उस समय वह ड्यूटी पर तैनात था। ऐसे में अपराध संघीय कानून और सैन्य न्याय की समान संहिता दोनों के अधीन था। अब उसे सैन्य मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। टेक्सेरा द्वारा लीक किए गए दस्तावेजों से पता चलता है कि यूक्रेन की सैन्य क्षमता हमलावर रूसी सेना के खिलाफ है और इससे यह भी पता चलता है कि वाशिंगटन ने अन्य संवेदनशील जानकारियों के अलावा अपने सहयोगी इस्राइल और दक्षिण कोरिया पर भी जासूसी की थी।

यह 2013 में एडवर्ड स्नोडेन द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के दस्तावेजों को लीक करने के बाद से सबसे बड़ा उल्लंघन था और इसने टेक्सेरा और अन्य जूनियर कर्मचारियों द्वारा उच्च-स्तरीय रहस्यों तक पहुंच के बारे में गंभीर सवाल खड़े किए।

# चीन ने पांचवीं पीढ़ी के दूसरे लड़ाकू विमान का किया अनावरण, अमेरिकी एफ -35 की नकल से तैयार डिजाइन

**बीजिंग ।** चीन ने अपने सबसे बड़े एयर शो में पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ लड़ाकू विमान पेश किया है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी पूरी खींचा है। इस विमान को शेनयांग जे-35 नाम दिया गया है। यह एक ट्विन-इंजन, सिंगल-सीटर सुपरसोनिक विमान है। बीजिंग द्वारा विकसित किया गया यह दूसरा पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ लड़ाकू विमान है। इससे पहले जे-20 पेश किया गया था।



### अमेरिका के एफ-35 विमान के डिजाइन की नकल

शेनयांग जे-35 का डिजाइन अमेरिकी लॉकहीड मार्टिन एफ-35 से काफी मिलता-जुलता है। हालांकि, दोनों के बीच मुख्य अंतर यह है कि जे-35 में दो इंजन हैं, जबकि, एफ-35 में एक ही इंजन होता है। चीन ने पहले भी कई अमेरिकी विमानों के डिजाइन की नकल की है। जैसे चीन के जे-20 और एफ-22 रैप्टर का डिजाइन काफी मिलता-जुलता है। इसी तरह चेंगदू जे-10 का डिजाइन अमेरिकी एफ-16 से मिलता-जुलता है।

**क्या भूमिका निभाएगा चीन का शेनयांग जे-35**

चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, जे-35 विमान का मुख्य उद्देश्य हवाई श्रेष्ठता हासिल करना और दुश्मन के चौथी और पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान और जमीन पर मौजूद एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट करना है। इसके अलावा, यह विमान दुश्मन के विमान, बमवर्षकों और क्रूज मिसाइलों को भी इंटरसेप्ट करने की क्षमता रखता है। चीन इस विमान को वायु सेना और नौसेना दोनों में शामिल करने की योजना बना रहा है, ठीक वैसे ही जैसे अमेरिकी एफ-35 विमान के तीन अलग-अलग संस्करण हैं- एफ-35ए (वायु सेना के लिए), एफ-35 (तटरक्षक बल के लिए) और एफ-35सी (नौसेना के लिए)।

# ट्रंप के कैबिनेट में नए चेहरे, टीवी होस्ट को रक्षा मंत्री तो महिला को गृह मंत्रालय

**वॉशिगटन ।** डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका का नया राष्ट्रपति चुन लिया गया है। वह अगले साल 20 जनवरी को शपथ लेंगे। मगर, इससे पहले वह अपनी टीम का गठन करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने टीम में कई नए चेहरे को मौका दिया गया है। इसमें दिग्गज कारोबारी एलन मस्क से लेकर उद्यमी विवेक रामास्वामी और न्यूज एंकर पीट हेगथा जैसे नए नामों को मौका मिला है।



आइए जानते हैं आखिर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उनकी टीम में कौन-कौन शामिल होने जा रहा है। न्यूज एंकर को बनाया रक्षा मंत्री डोनाल्ड ट्रंप की टीम में फॉक्स न्यूज के एंकर पीट हेगथा को जगह दी गई है।

ट्रंप ने मंगलवार को एलान किया कि वह सेना के अनुभवी हेगथा को रक्षा मंत्री बनाने जा रहे हैं। वहीं, स्टीवेन विटकॉफ को मिड ईस्ट का प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उनको ईराक और अफगानिस्तान युद्ध का भी तजुर्बा है। ट्रंप का यह चुनाव परंपरा से हटकर माना जा रहा है। पीट हेगसेथ ट्रंप के समर्थक माने जाते रहे हैं। नव निर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा कि मैंने रक्षा मंत्री के रूप में अपने मंत्रिमंडल में सेवा करने के लिए पीट हेगथा को चुना है। उन्होने अपना पूरा जीवन सैनिकों और देश के लिए एक योद्धा के रूप में बिताया है। वह सख्त, होशियार और अमेरिका पहले में विश्वास करते हैं।

# 'यमन के हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी युद्धपोतों पर ड्रोन-मिसाइलों से किया हमला', पेंटागन ने की पुष्टि

**वॉशिगटन ।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को दो अमेरिकी युद्धपोतों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। ये हमले बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के पास हुए। हालांकि अमेरिकी युद्धपोतों ने इन हमलों को विफल कर दिया। अमेरिका के रक्षा विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



### 'हूती विद्रोहियों ने ड्रोन-बैलिस्टिक मिसाइलों का किया इस्तेमाल'

अमेरिकी रक्षा विभाग के प्रवक्ता मेजर जनरल पैट राइडर ने बताया कि हमलावरों ने कम से कम आठ ड्रोन, पांच एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल और तीन एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। हालांकि, इन हमलों में अमेरिकी जहाजों को कोई नुकसान नहीं हुआ और कोई सैनिक घायल नहीं हुआ।

राइडर ने यह भी स्पष्ट किया कि हूती विद्रोहियों ने जो विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर हमला करने का दावा किया था, वह सही नहीं था। यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना नहीं बनाया गया था। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले दुर्लभ होते हैं और इस बार भी अमेरिकी युद्धपोतों ने इन हमलों का सफलतापूर्व मुकाबला किया।

**गाजा युद्ध शुरू होने के बाद हूती विद्रोहियों ने तेज किए हमले :** वहीं, हूती समूह ने इन हमलों को लेकर कहा कि उन्होंने गाजा में इस्राइल के खिलाफ चल रहे संघर्ष में फलस्तीनियों का समर्थन करने के लिए ये हमले किए हैं।

इस्राइल और हमास के बीत पिछले साल अक्तूबर से युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान समर्थित समूहों ने लेबनान, इराक, सीरिया और यमन में हमले तेज किए हैं।

इन हमलों के दौरान अमेरिकी युद्धपोतों को भी निशाना बनाया गया है। हालांकि अमेरिका अब तक इन हमलों को विफल करने में सक्षम रहा है।

**अमेरिकी ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों को बनाया निशाना :** हूती विद्रोहियों के हमलों के जवाब में अमेरिकी ने उनके हथियारों के भंडारण स्थलों को निशाना बनाया।

पेंटागन ने कहा कि इन भंडारण स्थलों में उन्नत हथियार रखे हुए थे, जो अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय सैन्य तथा नागरिक जहाजों को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते थे। यह हमले अमेरिकी वायु सेना और नौसेना दोनों के सहयोग से किए गए। अमेरिका ने क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी को मजबूत किया।

# ब्रैम्पटन मंदिर में कार्यक्रम रद्द होने पर कनाडा पुलिस ने जारी किया बयान, धमकी की खबर को किया खारिज

**ओटावा ।** कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित त्रिवेणी मंदिर ने सुरक्षा का हवाला देते हुए 17 नवंबर को भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को रद्द कर दिया। मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने यह कदम पील क्षेत्रीय पुलिस से मिली खुफिया जानकारी के कारण उठाया गया है। जिसमें हिंसक विरोध प्रदर्शनों का उच्च जोखिम बताया गया था। मंदिर के इसी तर्क पर कनाडा की पील क्षेत्रिय पुलिस ने अपना स्पष्टिकरण दिया है।



### पील क्षेत्रिय पुलिस का बयान

कनाडा में बढ़ते तनाव के बीच पील क्षेत्रीय पुलिस ने मंगलवार को एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि देश भर में बढ़ते तनाव और चिंताओं के बीच उन्हें पील क्षेत्र में पूजा स्थलों के खिलाफ कोई सीधी धमकी नहीं मिली है।

### पील क्षेत्रिय पुलिस की खुफिया जानकारी

वहीं इस मामले में पील क्षेत्रीय पुलिस ने बाद में स्पष्ट किया कि किसी पूजा स्थल के खिलाफ कोई सीधी धमकी नहीं मिली थी, लेकिन उन्होंने सुरक्षा बढ़ा दी है और समुदाय के नेताओं से संपर्क कर स्थिति को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं।

जारी बयान में कहा गया कि पुलिस समुदाय की चिंताओं खासकर पूजा स्थलों पर प्रदर्शनों और कथित धमकियों के बारे में जानती है। जिसको लेकर पील क्षेत्रीय पुलिस यह स्पष्ट करना चाहती है कि हमें पील क्षेत्र में किसी भी पूजा स्थल के खिलाफ कोई सीधी धमकी नहीं मिली है।

मंदिर के अधिकारियों ने आगे बताया कि सुरक्षा के लिहाज से यह फैसला लिया गया, ताकि मंदिर में आने वाले भक्तों और समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हाल ही में ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में विरोध प्रदर्शन के दौरान झड़पें हुई थीं, जिसके बाद यह कार्यक्रम रद्द किया गया।

वहीं इस मामले में पील क्षेत्रीय पुलिस ने बाद में स्पष्ट किया कि किसी पूजा स्थल के खिलाफ कोई सीधी धमकी नहीं मिली थी, लेकिन उन्होंने सुरक्षा बढ़ा दी है और समुदाय के नेताओं से संपर्क कर स्थिति को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं।

बता दें कि भारत और कनाडा के रिश्तों में पिछले कुछ समय से तनाव बना हुआ है। खासकर जब से प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित भूमिका का आरोप लगाया था।

भारत ने इस आरोप को खारिज किया है और दोनों देशों के बीच खालिस्तान समर्थकों के मुद्दे पर मतभेद गहरे हो गए हैं।

# 'भारत-यूएस का रिश्ता 21वीं सदी का सबसे महत्वपूर्ण संबंध', एलओसी पर भारतीय संप्रभुता पर भी बोले माइक

**वॉशिगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में नियुक्त हुए माइक वॉलट्ज ने भारत अमेरिका को इस 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण और खास संबंध बताया हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण संबंध हैं। यह संबंध यह तय करेगी कि यह सदी उजाले की सदी होगी या अंधेरे की सदी।



### वाल्ट्ज का वीडियो संदेश

भारत अमेरिका के रिश्ते को लेकर कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष माइक वॉलट्ज ने वीडियो संदेश जारी किया। जिसमें उन्होंने बताया कि अमेरिका और भारत के रिश्तों को और मजबूत बनाने के लिए हमें एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की रक्षा करनी होगी, खासकर नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारत की संप्रभुता की रक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐसी दुनिया छोड़ जाएं जो हमारे साझा मूल्यों के अनुरूप हो। ट्रंप को किया धन्यवाद कांग्रेस सदस्य माइक वाल्ट्ज ने घोषणा के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर डोनाल्ट ट्रंप को धन्यवाद कहा। उन्होंने लिखा कि मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में अपने मंत्रिमंडल में सेवा देने के लिए मुझ पर भरोसा जताया है। हमारे देश के मूल्यों, स्वतंत्रता और हर अमेरिकी की सुरक्षा की रक्षा करने से बड़ा कोई काम नहीं है।

**बढ़ते सहयोग पर जताई खुशी इसके साथ ही वॉलट्ज ने अमेरिका और भारत के बीच बढ़ते सहयोग को लेकर खुशी जताई और कहा कि वह इन रिश्तों में आ रही गति से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य इस गति को बनाए रखना है। इसके साथ ही हाल ही में भारत यात्रा पर आए वाल्ट्ज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाल किले से संबोधन को अविश्वसनीय बताया।**

### बढ़ते सहयोग पर जताई खुशी

इसके साथ ही वॉलट्ज ने अमेरिका और भारत के बीच बढ़ते सहयोग को लेकर खुशी जताई और कहा कि वह इन रिश्तों में आ रही गति से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य इस गति को बनाए रखना है। इसके साथ ही हाल ही में भारत यात्रा पर आए वाल्ट्ज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाल किले से संबोधन को अविश्वसनीय बताया।

उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका-भारत संबंधों में कई क्षेत्रों में प्रगति हो रही है, जैसे बोइंग और टाटा द्वारा अपाचे हेलीकॉप्टर के धड़ों का संयुक्त उत्पादन, जहाज मरम्मत, क्वांटम कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और डेटा प्रबंधन। ये सभी क्षेत्र दोनों देशों के लिए भविष्य में महत्वपूर्ण हैं।

# प्रामाणिकता बचाने को सुरक्षा परिषद में सुधार जरूरी यूएनजी के सत्र में भारत ने फेरबदल के खिलाफ चेताया

**न्यूयॉर्क ।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल सुधार का आह्वान करते हुए प्रतिनिधित्व और बदलाव की जरूरत पर जोर दिया। भारत ने सुरक्षा परिषद के मौजूदा ढांचे में ह्यमामूली फेरबदलह्व की कोशिशों के खिलाफ चेताते हुए कहा कि इससे स्थायी सदस्यता में विस्तार और एशिया, अफ्रीका व लैटिन अमेरिका के कम प्रतिनिधित्व पर ध्यान देने जैसे तत्वों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया जा सकता है। भारत ने सुरक्षा परिषद में सुधार कर उसकी प्रामाणिकता बचाने पर जोर दिया।



### पी, हरीश ने जताई निराशा

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद में न्यायसंगत प्रतिनिधित्व और सदस्यता में वृद्धि का प्रश्न विषय पर संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के वार्षिक पूर्ण सत्र में कहा यूएनएससी में सुधार की तत्काल जरूरत कई दशकों से दोहराने के बावजूद, हालात नहीं बदले हैं।

उन्होंने कहा यह निराशाजनक है कि 1965 के बाद से इस संबंध में हमारे पास दिखाने के लिए कोई नतीजा नहीं है, जबकि सुरक्षा परिषद का अंतिम विस्तार केवल अस्थायी श्रेणी में किया गया था। 1965 में परिषद सदस्यता छह निर्वाचित सदस्यों से बढ़ाकर 10 कर दी गई थी।

इसके साथ ही पी. हरीश ने अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) प्रक्रिया की प्रकृति को लेकर कहा, अपनी स्थापना के 16 साल बाद, आईजीएन एक-दूसरे के साथ संवाद के बजाय मुख्य रूप से बयानों तक ही सीमित है। उन्होंने कहा, कोई बातचीत का पाठ नहीं। कोई समय-सीमा नहीं और कोई निश्चित अंतिम लक्ष्य भी नहीं।

भारत ने जोर दिया है कि जब वह आईजीएन में वास्तविक ठोस प्रगति चाहता है, तो दिल्ली दो मामलों में सावधानी बरतने का आग्रह करती है। पहला- सदस्य देशों से जानकारी की न्यूनतम सीमा की खोज से उन्हें अपना मॉडल पेश करने के लिए अनिश्चित अवधि तक इंतजार करने की स्थिति नहीं आनी चाहिए।

दूसरे, कन्वर्जेंस के आधार पर समेकित मॉडल के विकास से सबसे कम सामान्य डिनॉमिनेटर का पता लगाने की दौड़ नहीं होनी चाहिए।

## रोजगार सृजन के लिए एक नई पहल

# 'युवा' योजना के संचालन के संबंध में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

## बैंक किसी भी आवेदन को लम्बित ना रखें, समयान्तराल में दें स्वीकृति या अस्वीकृति : डीएम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नवघोषित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान 'युवा' योजना के क्रियान्वयन एवं संचालन के संबंध में जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई जिला प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (डीपीएमयू) का आयोजन किया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक ऋण योजनाओं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद – एक उत्पाद योजना के अंतर्गत बैंकों को प्रेषित किए गए आवेदनों पर बैंकों द्वारा की गई स्वीकृति निरस्तीकरण एवं वितरण की बैंकवार समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त योजनाओं की गाइडलाइन एवं क्रियान्वयन का प्रस्तुतीकरण पीपीटी के माध्यम प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतीकरण में योजनांतर्गत आवेदन करने की प्रक्रिया वेबसाइट एवं संबंधित विभागों के दायित्वों के विषय में अवगत कराते हुए जनपद हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 2000 के सापेक्ष अधिक से अधिक आवेदन कराए जाने हेतु निवेदन किया गया। उपायुक्त उद्योग, श्रीनाथ पासवान द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना अंतर्गत विभागों एवं संस्थानों यथा उत्तर प्रदेश व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, राजकीय/निजी इंजीनियरिंग कॉलेज, राजकीय तथा निजी नर्सिंग कॉलेज, एनआरएलएम, एनयूएलएम, उच्च शिक्षा माध्यमिक शिक्षा, व्यावसायिक कोर्स, आरसेटी, स्टार्टअप, उद्यमिता विकास संस्थान, द्वारा प्रशिक्षित अथवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को आवेदन कराया जा सकता है। अवगत कराया गया कि उपरोक्त योजना अंतर्गत रुपए 5 लाख तक 10 प्रतिशत अनुदान एवं चार वर्ष तक ब्याज फ्री उपलब्ध कराया जाएगा।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना की गाइडलाइंस को भली-भांति अध्ययन कर लें एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति हेतु कार्यवाही प्रारंभ कर दें। जिलाधिकारी द्वारा उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि वे योजना के प्रचार-प्रसार हेतु सभी बैंकों संबंधित विभागों शैक्षणिक संस्थाओं आदि को अवगत कराएं तथा योजना के पंपलेट छपवाकर औद्योगिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, कौशल विकास मिशन विभाग आदि को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा अपने स्तर से आवेदकों का चिह्नांकन कर उक्त सूची सभी बैंक शाखाओं को प्रेषित करें।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (युवा) के लिए शर्तें

- उत्तर प्रदेश का निवासी
- आयु 21 से 40 वर्ष
- शैक्षिक योग्यता - आठवीं पास अथवा समकक्ष (इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अथवा समकक्ष को वरीयता)
- आवेदक राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित हो अथवा कौशल संबंधी सर्टिफिकेट कोर्स / डिप्लोमा/डिग्री प्राप्त हो।
- पूर्व में पीएम स्वनिधि योजना के अतिरिक्त राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य योजना में योजना के अंतर्गत वित्त पोषण-ब्याज अथवा पूंजी उपादान का लाभ प्राप्त न किया हो।

### आवेदनों के निस्तारण में सकारात्मक रवैया अपनाएं : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों द्वारा आवेदनों का शत-प्रतिशत निस्तारण नहीं किए जाने पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को कहा कि वह बैंकों में लंबित आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। यदि कोई आवेदन ऋण हेतु अपात्र है तो उसे कारण सहित अवगत कराते हुए निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाए, अन्यथा की स्थिति में आवेदनों को निरस्त न किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा बैंकों को निर्देशित किया गया कि वह आवेदनों के निस्तारण में सकारात्मक रवैया अपनाए। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित बैंक अधिकारियों को आज प्रातः 10 :00 बजे आवेदनों की प्रगति सहित उनके कार्यालय में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया।
बैठक में समिति के सदस्य के रूप में खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के प्रतिनिधि, बैंक के प्रतिनिधि, प्रधानाचार्य आईटीआई, राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रतिनिधि, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन गाजियाबाद के प्रतिनिधि तथा लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि के साथ-साथ एनआरएलएम एवं विभिन्न बैंक अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा मेले पर हुआ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

## प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया फीता काटकर शुभारंभ





**हापुड़, करंट क्राइम।** परम्परागत रूप से गढ़मुक्तेश्वर के खादर में लगने वाले कार्तिक मेले का प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल, स्थानीय सांसद कवर सिंह तंवर, सांसद अतुल गर्ग, विधायक गढ़ हरेंद्र सिंह तेवतिया, विधायक धौलाना धर्मेश सिंह तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे., जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के साथ मेले के मुख्य द्वार पर फीता काटकर, गुब्बारे उड़ाकर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया।

**गणमान्य लोग मौजूद रहे**

इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील त्यागी, उपजिलाधिकारी साक्षी शर्मा, अपर मुख्य अधिकारी आरती मिश्रा, जिला विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप, जिला पंचायत राज शिव बिहारी शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह अधिकारी व अन्य मेले में लगाये गए सभी अधिकारी, जिला गंगा समिति के सदस्य भारत भूषण गर्ग व श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



### प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर के गीतों ने किया भाव-विभोर

**करंट क्राइम।** प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर की प्रस्तुतियों, तोड़ा है जी शिव धनुष राम ने तोड़ा है, पूछे है जनकपुर की नारियां आदि पर सम्पूर्ण सभागार भाव-विभोर हो गया। मेले में आए सभी श्रद्धालु प्रसिद्ध गायिका के भजनों पर भाव विभोर होकर नृत्य में झूम उठे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा कार्तिक पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं को मेले का महत्व बताए जाने के उद्देश्य से लगाए गए 600 ड्रोन कैमरों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की आकृति प्रस्तुत की गईं।

### गढ़ गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा मेला में विधिवत हवन, पूजन और हुई भव्य गंगा आरती



**करंट क्राइम।** कृषि विभाग द्वारा आयोजित कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। आयोजित पंडाल में विभिन्न विभागों वन विभाग, उद्यान विभाग, सूचना विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों के स्टालों का निरीक्षण करने के पश्चात गंगा तट पर हवन, गंगा पूजन व आरती में भाग लिया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में सांस्कृतिक स्थल पर आयोजित भव्य कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया।

# यशोदा ग्रुप ने की मेडट्रॉनिक के साथ उन्नत सर्जिकल रोबोटिक्स साझेदारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद में 800 से अधिक शैया वाले प्रमुख मल्टी-स्पेशियलिटी और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का समूह, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने रोबोटिक सहायता प्राप्त सर्जरी द्वारा अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी में वैश्विक अग्रणी मेडट्रॉनिक के साथ एक समझौते ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग के माध्यम से, यशोदा समूह मेडट्रॉनिक को अपने पसंदीदा रोबोटिक्स भागीदार के रूप में नामित करता है और अपने अस्पतालों में मेडट्रॉनिक के उन्नत रोबोटिक सिस्टम को एकीकृत करेगा एवं सर्जिकल रोबोटिक्स प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए भी भागीदार बनेगा। यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. दिनेश अरोड़ा ने कहा, यह न केवल यशोदा बल्कि पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करना एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स और मेडट्रॉनिक दोनों के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और प्रमुख हितधारकों की उपस्थिति थी। यह कार्यक्रम गाजियाबाद के यशोदा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट में हुआ, जो इस रणनीतिक साझेदारी के महत्व को रेखांकित करता है।
मेडट्रॉनिक इंडिया के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष मनदीप सिंह कुमार ने कहा, मेडट्रॉनिक पूरे भारत में रोबोटिक-सहायक सर्जरी को आगे बढ़ाने के लिए यशोदा ग्रुप के साथ साझेदारी करके प्रसन्न है। यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के समूह निदेशक डॉ. रजत अरोड़ा ने कहा, इस साझेदारी से न केवल हमारे डॉक्टरों को लाभ होगा, बल्कि अन्य स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों के डॉक्टरों को भी लाभ होगा।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात की हम आपको देना चाहते हैं जानकारी? बीप...बीप... वाले चाचा के पास भी रही है महान वाले मंत्री की जिम्मेदारी? दिल्ली और डासना गेट में भी उनका जलवा बताया जाता है खास? बस हमारी इस बात पर नजर है कि उन्होंने अभी तक क्यों नही किया अपने क्षेत्र में भगवा कमांडर की मीटिंग कराने का कोई प्रयास? या तो लगता है वो कर रहे हैं चुनाव से पहले कोई बैठक कराने की तैयारी? या फिर कुछ और ही इरादे कर रहा है उनका दिल जारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के गुर्जर नेता के अंदाज आज कल फेसबुक पर कभी कूल हो जाते हैं तो कभी हो जाते हैं फायरी? जब भी मौका मिलता है वो पढ़ देते हैं शायरी? मगर अभी तक उन्होंने कमांडर को लेकर नहीं किया है महत्वपूर्ण वाला काम? अपने बड़े घर की बड़ी वाली लैंड पर उन्होंने मीटिंग का नहीं कराया है कोई इंतजाम? कहने वाले ने कहा ऐसा हम नहीं कह रहे, चुनाव कार्यालय पर चल रही थी उनकी शायरी की बात? कहने वाले कह रहे थे अगर विरोधियों की जुबानों पर लगाना है ताला? तो अपने आंगन में एक जोरदार मीटिंग करा दें, गूंजती आवाज वाले भाईसाहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब पार्षद हैं तो क्या गाड़ी भी नहीं खरीदेंगे? फिर कहने वाले ने किसी ने कहा कि पार्षद होने के बाद ही क्या गाड़ी खरीदेंगे? हमने देखा है अपने वार्ड का हाल? जब भी कोई यहां से जीत कर आता है, तो कुछ ही दिनों के बाद वो नई वाली गाड़ी का स्टेयरिंग लेता है संभाल? पहले मैडम पार्षद तो अब इन्होंने गाड़ी खरीदकर दिया है यही संदेश? कहने वाले ने कहा तुम तो हमेशा छोटी बात करना? गाड़ी लाने के लिए जरूरी नहीं है पार्षद वाला फेस? ऐसी बातें तो वो करते हैं जिनके दिल में मचा हुआ है नई गाड़ी देखने के बाद क्लेश?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ना जाने किसने चिन दी चुनावी कार्यालय पर इनविजीबल दीवार? सुना है इस दीवार को युवा सिंगल नहीं कर पा रहे हैं पार? शुरू में तो उन्होंने कुर्सी बिछाकर, टांग पर टांग डालकर दिया था अपनी मजबूत उपस्थिति का संदेश? कराया था एहसास महत्वपूर्ण काम में हमारा ही है मजबूत बेस? सुना है आज कल सिंगल साहब की अनुपस्थिति का हो रहा है खूब प्रचार? बिल्कुल भी नहीं हो रहे हैं उनके चुनाव कार्यालय पर दीदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ब्लैक कोट की सरकारी जिम्मेदारी को लेकर मैं आपको दे रहा हूं अंदर की जानकारी? जो इस जिम्मेदारी को देख रहे हैं, उन्होंने चला दी है कईयों के दिल पर आरी? कहने वाले कह रहे हैं, जो करके बैठे थे सरकारी वाले सिस्टम में जाने की तैयारी? सुना है उनकी जगह 6 से 7 नामों की सूची जल्द ही होने जा रही है जारी? कहने वाले ने कहा कार्य करने वाले कर्ता हो सकते हैं इस सूची से दूर? अब बात कितनी कच्ची और पक्की है? जितनी जानकारी है उतनी हमने आपको दे दी है हुजूर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वक्त ने किया ना जाने क्या हसीं सितम? बूथ प्रभारियों की बैठक में संख्या रह गई आधे से भी कम? कहने वाले ने कहा करने वालों ने कर ली है ये बात गंभीरता से नोट? आखिर क्यों नहीं किया बैठक करने वालों ने इसमें सपोर्ट? कहने वाले ने कहा अंदरखाने इस मैटर की भी हो रही है जांच? चुनाव के समय में ये लापरवाही जिम्मेदार लोग नहीं कर पा रहे हैं बर्दाश्त?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जो अपनी आवाज से समाज के हितों की लड़ाई का फेसबुक पर लगातार दिखाते हैं तंत? सुना है भगवा कमांडर के चुनाव में नजर नहीं आ रहे हैं ऐसे भगवा संत? पार्टी ने तो उन्हें मैम्बर वाला भी लड़ने को दिया था किरदार? फिर वो अनदेखी की बात भी इस वक्त नहीं कर सकते हैं यार? कहने वाले ने कहा समाज में मजबूत मानी जाती है उनकी पुकार? फिर आखिर कैसी क्या बात है जब सब कुछ सामान्य है और नहीं हो रहे उनके उतनी शिद्दत से दीदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** टपलू भैया की हुई पार्टी में ज्वाईनिंग? हमें ये सीन लगा बहुत ज्यादा फाईन? मगर हम इस बात पर हैरान है कि इस ज्वाईनिंग पर भगवा कमांडर का नहीं हुआ शायद दिल वाला साईन? हमने देखा कमांडर ने मिस्टर सलमानी की ज्वाईनिंग वाली फोटो फेसबुक पर की शेयर? उनके शब्द बता रहे थे, सलमानी जी की है उन्होंने बहुत ज्यादा केयर? मगर उन्होंने टपलू भैया की ज्वाईनिंग का नहीं किया कोई भी जिक्र? लगता है इस पर नहीं है उनको कोई भी ज्यादा फिक्र?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार से एक किस्सा बाहर निकल कर आ रहा है? हमें पता चला है एक भगवा कमिश्नर दूसरे एरिया के भगवा कमिश्नर में सर्जिकल स्ट्राईक करके सक्रिय सदस्य बना रहा है? शायद सौंफ वालों को नहीं है इस बात की जानकारी? दूसरे एरिया के कमिश्नर दिखा रहे हैं उनके यहां अदाकारी? भगवा कमांडर के चुनाव में लगे हुए सौंफ वाले कमिश्नर के साथ कहीं हो ना जाये बाजीगर पिक्चर वाला सीन? वो पॉवर ऑफ अर्टार्नी पर अपनी सत्ता चलाते रहें? रजिस्ट्री का करा लें कोई और ही सीन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूरे काम से ईश्वर की तमन्ना रखने वाले त्यागी जी को लेकर हो रही थी चुनाव कार्यालय पर बात? कहने वाले कह रहे थे कुछ दबे-दबे से नजर आ रहे हैं उनके अंदाज? चुनाव में उनकी वैसी वाली भूमिका हमें नहीं आ रही है नजर? पता नहीं आज कल उनका रूट है किधर? मिस्टर पांचाल और मिस्टर तितौरिया की बैठक में नहीं हुए उनके दीदार? माना मामला मालीवाड़ा का था, मगर जिस बूथ पर थी मीटिंग? उसके खुलते हैं शहर विधानसभा में द्वार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया सम्मान समारोह

## मुख्य अतिथि अभिनव गोपाल ने उप विजेता टीम को पांच लाख का चेक देकर किया सम्मानित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूल की उप विजेता हॉकी टीम को पांच लाख का चेक देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, विशिष्ट अतिथि स्कूल के चेयरमैन जे के गौड़ ने हॉकी टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। पंकज शर्मा, हॉकी कोच को भी 21 हजार का चेक देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के चेयरमैन जे के गौड़ ने कहा कि स्कूल का उददेश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारकर उन्हें इस प्रकार से तैयार करना है कि वे हर प्रकार की चुनाती पर विजय प्राप्त करते हुए हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. करूण कुमार गौड़ ने कहा कि स्कूल की हॉकी टीम ने सीबीएसई नेशनल भोपाल में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया व उप विजेता बनकर स्कूल का ही नहीं जनपद का नाम भी रोशन किया। स्कूल की प्रधानाचार्य अंजू गौड़ ने कहा कि स्कूल के बच्चे शिक्षा व खेल समेत हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रहे हैं। इस मौके पर स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र सिंह तथा हॉकी गाजियाबाद के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### महामाया स्टेडियम के लिए 16 करोड़ की धनराशि मंजूर : मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल

**करंट क्राइम।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि वे शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में भी शहर का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि महामाया स्टेडियम के लिए 16 करोड़ की धनराशि मंजूर हो गई है। स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बिछाया जाएगा। तीन स्विमिंग पुलों के साथ शहर के बच्चों व युवाओं को स्टेडियम में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखारने में सफल होंगे और वे देश में ही नहीं विदेश में भी अपने शहर व प्रदेश का नाम रोशन करने में सफल होंगे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आस्था श्रद्धा भक्ति और संस्कार के साथ पूरा परिवार हो तो पूजा अर्चना का आनंद भक्तिमय हो जाता है। आशा सिंह ने परिवार के साथ कार्तिक माह में काशी नगरी में गंगा स्नान किया। अपनी आस्था के इस पल को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।